धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ



# पूर्णिमा स्नान के साथ आज से महाकुंभ का आगाज

## देश-विदेश से उमड़े श्रद्धालु , कड़ाके की ठंड में भी गजब का उत्साह, 14 को मकर संक्रांति स्नान का महापुण्यकाल

**प्रयागराज (एजेंसी)।** पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ सोमवार 13 जनवरी से महाकुंभ 2025 का आगाज हो रहा है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पहला अमृत स्नान पर्व है। देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगम की रेत पर उमड़ पड़े हैं। कड़कड़ाती ठंड भी उनके उत्साह को कम नहीं कर पा रही है। गलन और हाड़ कंपाने वाली हवाओं के बीच लाखों की संख्या में देश के कोने-कोने और विदेश से भी श्रद्धालु संगम तट पहुंच रहे हैं। मकर संक्रांति 2025 में महाकुंभ का यह संगम आस्था, परंपरा और श्रद्धा का अद्भुत समागम है। प्रयागराज की सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। रविवार सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश को लोग काफी शुभ मान रहे हैं। बारिश से भक्त भीग रहे हैं, लेकिन भक्ति से सराबोर होकर कल पौष पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी लगाने को तैयार हैं।

**शुभ मुहूर्त, कोई भद्रा नहीं :** इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी की खास बात यह है कि अबकी कोई भद्रा नहीं है, सुबह से शाम तक शुभ रहेगा। भारतीय ज्योतिष अनुसंधान परिषद की प्रयागराज चैप्टर की अध्यक्ष डॉ गीता मिश्रा त्रिपाठी के मुताबिक, इस बार महापुण्यकाल की अवधि सुबह 9:03 बजे से 10:50 बजे तक रहेगी, जो 1 घंटा 47 मिनट होगी। सूर्य उत्तरायण हो जायेंगे : मकर संक्रांति सूर्य की स्थिति के आधार पर मनाया जाने वाला पर्व है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण हो जाते हैं। मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व है। इस दौरान स्नान, दान, और तिल-गुड़ के सेवन से व्यक्ति पुण्य अर्जित करता है। शास्त्रों में मकर संक्रांति को 'तिल संक्रांति' भी कहा गया है। इस दिन काले तिल, गुड़, खिचड़ी, नमक और घी का दान विशेष फलदायी माना गया है।

**दान से कैसा मिलता है पुण्य :** तिल और गुड़ के दान से यह पापों का नाश होता है और पुण्य लाभ मिलताहै। नमक का दान से बुरी ऊर्जा और अनिष्टों का नाश होता है। चावल और उड़द की दाल की खिचड़ी दान करने से अक्षय फल प्राप्त होता है। घी और रेवड़ी दान से भौतिक सुख और यश प्राप्त होता है। पक्षियों को दाना और जानवरों को भोजन देना अत्यधिक फलदायी माना जाता है।

### खरमास समाप्त होगा, मांगलिक कार्य शुरू

मकर संक्रांति के साथ ही खरमास समाप्त हो जायेगा और मांगलिक कार्य की शुरूआत होगी। 14 जनवरी के बाद शुभ मुहूर्त में विवाह, उपनयन, मुंडन, गृहप्रवेश जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। मकर संक्रांति देश भर में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है, तमिलनाडु में इसे पोंगल कहते हैं, तो कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति कहते हैं। इसी तरह बिहार झारखंड में यह पर्व 'तिला संक्रांत' के नाम से भी प्रसिद्ध है। दही चूड़ा, खिचड़ी, तिलकुट और तिल के लड्डू खाने की परंपरा है।

### कब-कब हैं स्नान

**पौष पूर्णिमा:** 13 जनवरी, **मकर संक्रांति:** 14 जनवरी, **मौनी अमावस्या:** 29 जनवरी, **बसंत पंचमी:** तीन फरवरी, **माघी पूर्णिमा:** 12 फरवरी और **महाशिवरात्रि:** 26 फरवरी।

### अद्भुत संयोग, आज दिखेगा दो-दो सूरज

**नयी दिल्ली।** सोमवार 13 जनवरी एक अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस दिन एक नहीं बल्कि 'दो सूरज' सुबह-सुबह देखने को मिलेंगे। सूरज निकलने से करीब आधे घंटे पहले ही पूर्व की दिशा में एक तेज रोशनी नजर आयेगी। यह रोशनी सूरज की नहीं बल्कि धूमकेतु (जी3 एटलस) की होगी। वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि यह पृथ्वी से अबतक नजर आये धुमकेतुओं में से सबसे ज्यादा चमकदार हो सकता है। ऐसा नजारा एक लाख 60 हजार साल पहले आखिरी बार देखने को मिला था। एक बार फिर बेहद चमकदार धूमकेतु पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने वाला है। इसे रात के अंधेरे में अपनी आंखों से भी देखा जा सकता है। सोमवार की सुबह सूरज निकलने से करीब 35 मिनट पहले इसे देखा जा सकेगा। यह नजारा फिर इतने ही साल बाद फिर नजर आयेगा। यह धूमकेतु अपना एक चक्कर पूरा करने में 1,60,000 वर्ष का वक्त लेता है।

## न्यूज डायरी

### गवर्नर और मुख्यमंत्री ने विवेकानंद को किया नमन

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### चाईबासा में तीर से लैस छह आइइडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोन्टो थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान तीर से लैस छह आइइडी बरामद किया है। सभी को बम निरोधक दस्ता की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने छह तीर में आइइडी लगा रखे थे। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के सफाये तक अभियान जारी रहेगा।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |

## रांगारंग कार्यक्रम के साथ रांची हॉकीमय



### कल्पना सोरेन ने एचआइएल का किया शुभारंभ



**रांची।** पारंपरिक झारखंडी नृत्य-संगीत और सांस्कृति कार्यकम के बीच गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने रविवार की शाम महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) का विधिवत शुभारंभ किया। उदघाटन समारोह में झारखंड के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही झारखंड की राजधानी रांची मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हाकी स्टेडियम में एचआईएल का आगाज हो गया। स्टेडियम में अपने चहते खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने रांची समेत आसपास के दर्शकों का हुजूम उमड़ा पड़ा। आइपीएल की तर्ज पर आयोजित हॉकी इंडिया लीग 13 दिनों तक चलेगा। इस दौरान पूरी रांची हाकीमय नजर आयेगी। इस लीग में चार टीमें सुरमा हाकी क्लब, दिल ली एसजी पाइपर्स, ओड़िशा वारियर्स और एसआर बंगाल टाइगर्स की खिलाड़ी अपना जलवा दिखायेंगी। इसमें अलग-अलग देशों के खिलाड़ी एक-एक टीम की हिस्सा हैं। इनमें झारखंड की 6 महिला हॉकी खिलाड़ी सलीम टेटे, निक्की प्रधान, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग, ब्यूटी डुगडुग और बिनीमा धान अपना जलवा दिखायेंगी।

## विवेकानंद को याद कर मोदी बोले, युवाओं से मेरा नाता परम मित्र का

# बड़े सपने देखें, संकल्प लें और पूरा करें, यह संभव है

### बिना कठिन लक्ष्य के जीवन में कुछ पाया नहीं जा सकता: पीएम

**भारत मंडपम में युवाओं से संवाद**

- युवा पीढ़ी देश की हर समस्या का समाधान निकालने में सक्षम
- युवाशक्ति के सामर्थ्य से भारत जल्द विकसित राष्ट्र बन जायेगा



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने एक बार फिर से विकसित भारत को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि बड़े सपने देखना, बड़े संकल्प लेना और उन्हें तय समय में पूरा करना असंभव नहीं है। बिना लक्ष्य के जीवन नहीं हो सकता है। जब सामने बड़ा लक्ष्य होता है तो हम पूरी ताकत उसे पाने के लिए लगा देते हैं और आज का भारत यही कर रहा है। स्वामी विवेकानंद जयंती पर भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम में पीएम मोदी ने युवाओं से संवाद किया और उन्हें संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद जी को देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था। वह कहते थे कि मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, नयी पीढ़ी में है। मेरे कार्यकर्ता नौजवान पीढ़ी से आयेंगे और वो हर समस्या का समाधान निकालेंगे। जैसे विवेकानंद जी का आप पर भरोसा था, मेरा विवेकानंद जी पर भरोसा है, मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है।

**विकसित भारत की तस्वीर देख रहा हूं :** पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि आज आपसे बात करते हुए मैं विकसित भारत की एक तस्वीर भी देख रहा विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकीय तंत्र भी समृद्ध होगी। जहां अच्छी कमाई और अच्छी पढ़ाई करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। हमारे युवाओं की ऊर्जा और अभिनव भावना को एक विकसित भारत को आकार देने के लिए एकजुट करता है। भारत की युवाशक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बन जायेगा। जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी। पारिस्थितिकीय तंत्र भी समृद्ध होगी। अच्छी कमाई और अच्छी पढ़ाई करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे।

**नौजवानों से मेरा नाता 'परम मित्र' वाला :** उन्होंने मंच से नौजवानों पर अपने भरोसे की वजह भी बतायी। पीएम मोदी ने कहा, युवाओं से मेरा नाता पीएम का नहीं बल्कि परम मित्र का है।

(शेष पेज 11 पर)

### हमारे सामने 25 साल का गोल्डन पीरियड

पीएम ने कहा, केवल बोलने से ही हम विकसित नहीं होंगे। जब हमारे हर फैसले की कसौटी एक ही होगी, विकसित भारत। जब हमारे हर कदम की दिशा एक ही होगी, विकसित भारत, तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक पायेगी। बहुत पहले लाल किले से मेरे दिल की एक आवाज निकली थी। मैंने कहा था, 'यही समय है-सही समय है।' हमारे सामने 25 साल का गोल्डन पीरियड है, अमृतकाल है और मैं पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरा हूं कि भारत की युवाशक्ति 'विकसित भारत' का सपना जरूर साकार करेगी।

## बीजापुर में पांच नक्सली ढेर हथियारों का जखीरा बरामद

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार सुबह सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। इसके साथ ही पिछले दिनों 8 जवानों की शहादत का बदला ले लिया। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। इनमें दो महिला नक्सली भी हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार, विस्फोटक और स्वचालित हथियार समेत नक्सली सामग्री बरामद की गयी है। मुठभेड़ मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रावती नेशनल पार्क के बंदेपारा-कोरंजेड बफर जोन में हुई। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया

**शहादत का बदला**

कि नक्सल रोधी अभियान पर निकली सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम की इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। अभियान में डीआरजी, एसटीएफ और जिला बल के जवान शामिल थे। बस्तर एसपी ने बताया कि मुठभेड़ शाम चार बजे तक चली। सुरक्षा बल को भारी पड़ता देख कई नक्सली भाग खड़े हुए।

**6 को नक्सलियों ने मचाया था तांड़व :** बीजापुर जिले में नक्सलियों ने 6 जनवरी को लगभग 70 किलोग्राम वजनी बारूदी सुरंग का इस्तेमाल कर सुरक्षाबलों के एक वाहन को उड़ा दिया था।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड में टैक्स चोरों पर अब कसेगा शिकंजा

### लक्ष्य से अधिक राजस्व जुटाने का एक्शन प्लान तैयार

सुधीर

**रांची।** झारखंड सरकार टैक्स चोरों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। राज्य में टैक्स चोरों के खिलाफ अब न सिर्फ सख्ती बरती जायेगी, बल्कि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी होगी। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इस बात के सख्त संकेत दिये हैं। झारखंड में दो लाख से ऊपर के सामान की खरीदारी पर टैक्स चोरी करनेवालों पर कार्रवाई होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि माइंस ट्रांसपोर्ट व अन्य संसाधनों से अधिक से अधिक राजस्व प्राप्ति पर ध्यान दें। वाणिज्य कर के 26 हजार करोड़ के लक्ष्य से 2000 करोड़ अधिक राजस्व जुटाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है।




**इन पर कसेगा शिकंजा :** अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक टैक्स चोरी करनेवाले बिल्डर्स के साथ-साथ ज्वेलरी, मिठाई व हार्डवेयर दुकानदारों पर सरकार शिकंजा कसेगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि कई योजनाएं शुरू करने के बाद से राजस्व जुटाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गयी है। लिहाजा वित्त मंत्री ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने और राजस्व चोरी रोकने के लिए अधिकारियों को मुस्तैदी से आगे आने का निर्देश दिया है। वित्त मंत्री ने स्वीकार किया है कि मंईयां सम्मान योजना के लिए निर्धारित राशि की व्यवस्था करना चुनौती से भरा है। यदि राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो सरकार को आनेवाले समय में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**एक ही चालान पर चार बार बालू उठाव :** मंत्री ने कहा कि झारखंड में बालू और स्टोन चिप्स में जितना काम झारखंड में हो रहा है, उतना बिहार या और अन्य किसी भी राज्य में नहीं हो रहा। एक चालान में चार बार फेरा लगाया जा रहा है। पलामू, देवघर, कोडरमा, पश्चिम बंगाल सीमा पर भी जांच नहीं होती। वित्त मंत्री ने निर्देश दिया है कि इस मामले में सभी एअधिकारी एक एप तैयार कर एक-दूसरे विभाग से को-ऑर्डिनेशन बनाकर काम करें।

### कला व सांस्कृतिक महोत्सव में बोले राज्यपाल

## विवेकानंद का जीवन देश के गौरव और सम्मान का प्रतीक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद जी के जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि स्वामीजी का जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व और उनके विचार आज भी हमारे समाज को प्रेरित करते हैं और हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। राज्यपाल रविवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था विकास भारती बिशुनपुर द्वारा बरियातू में आयोजित कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव बोल रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)

## विज्ञापन का हो रहा असर, सीआइडी ने विज्ञापन जारी कर मांगे थे सबूत

# जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक की जांच में सीआइडी को मिले कई सबूत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले की जांच कर रही सीआइडी को अब इस मामले में आम लोगों से भी मदद मिल रही है। सीआईडी ने विज्ञापन जारी कर आम लोगों से मदद मांगी थी, ताकि पता चल सके कि वाकई परीक्षा परिणाम में कोई गलती हुई है या नहीं, ताकि जांच की दिशा बेहतर हो सके।

**डीजीपी ने दी जानकारी :** झारखंड सीआईडी की टीम को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर अब तक 40 से अधिक शिकायतें मिली हैं। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि आम लोगों की ओर से सीआईडी को व्हाट्सएप चैट, फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग भेजी गई है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।




**क्या है एफआईआर में:** जेएसएससी की ओर से सीआईडी में दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि 21 और 22 सितंबर को सीजीएल परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा पूरी तरह से कदाचार और पेपर लीक से मुक्त थी, लेकिन परीक्षा आयोजित होने के बाद कई लोगों ने जानबूझकर फर्जी वीडियो और तस्वीरें वायरल कीं। इससे पहले रातू थाने में भी एफआईआर दर्ज की गई थी। झारखंड सीआईडी अब दोनों एफआईआर की जांच एसआईटी के माध्यम से करेगी। सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर पहली एफआईआर राजेश कुमार के बयान पर रातू थाने में दर्ज की गई थी। इस मामले के अनुसंधानकर्ता अमर कुमार पांडेय बनाए गए थे। उन्हें भी सीआईडी की एसआईटी में शामिल किया गया है।

डीजीपी ने बताया कि जेएसएससी की शिकायत पर झारखंड सीआईडी ने मामले में दूसरी प्राथमिकी भी दर्ज की है। रातू थाने में दर्ज केस को भी सीआईडी ने अपने हाथ में ले लिया है।

**विज्ञापन प्रकाशित कर मांगे गए थे सबूत :** सीआईडी ने सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक के आरोपों को लेकर आम लोगों और अभ्यर्थियों से सबूत मांगे थे। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राज्य में विज्ञापन के माध्यम से आम लोगों तक यह जानकारी पहुंचाई गई कि अगर किसी व्यक्ति के पास पेपर लीक से संबंधित कोई साक्ष्य है तो वह सीआईडी को उपलब्ध कराए। इन साक्ष्यों को भी जांच में शामिल किया जाएगा। विज्ञापन के बाद अब तक 40 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

**एसआईटी का गठन :** सीआईडी डीआईजी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक के आरोपों की जांच के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी डीआईजी संध्या रानी मेहता कर रही हैं। टीम में रांची के पुलिस अधिकारियों को भी शामिल किया गया है।

**हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई है एफआईआर :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में प्रकाश सिंह द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने आदेश दिया था कि परीक्षा में पेपर लीक के मामले में याचिकाकर्ता द्वारा की गई ऑनलाइन शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाए। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि परीक्षा के आयोजन के बाद उन्होंने 29 सितंबर को रांची पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की जाए और कार्रवाई की जानकारी कार्ट को दी जाए।

# गैर असैनिक सेवा के छह अधिकारी बनेंगे आइएएस, सीएम ने दी मंजूरी

### जल्द जारी होगी अधिसूचना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गैर असैनिक सेवा (नॉन एससीएस) से छह अधिकारी आइएएस बनेंगे। यूपीएससी में साक्षात्कार के बाद छह अधिकारियों के नाम की अंतिम सूची फाइनल हो गयी है। फाइनल लिस्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति भी ले ली गयी है। कार्मिक विभाग ने इसकी सूचना यूपीएससी और कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार को इमेल के जरिये भेज दिया है। इन छह अधिकारियों में महिला अधिकारी भी हैं, जो महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न जिलों में उप निदेशक, सीडीपीओ (महिला बाल विकास पदाधिकारी) के पद पर कार्यरत हैं। वहीं दो अधिकारी श्रम विभाग से और एक अधिकारी ऊर्जा विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

बताते चलें कि 21 योग्य अधिकारियों के नामों की सूची यूपीएससी को भेजी गयी थी। इसके लिए साक्षात्कार दिसंबर माह में हुआ था। इनमें से छह को अधिकारी को आइएएस बनाने पर यूपीएससी सहमत हुआ था और नामों की अनुशंसा झारखंड सरकार को भेजी थी। इसके बाद कार्मिक विभाग ने इस पर संचिका बढ़ायी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष भेजा।

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम ने मंजूरी प्रदान कर दी है। कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जनवरी माह के अंत तक अधिसूचना जारी किए जाने की संभावना है। केंद्र से आदेश जारी होने के बाद झारखंड सरकार इन दूसरी सेवा के अधिकारियों को आइएएस में प्रमोशन देते हुए नये सिरे से पोस्टिंग की जायेगी।



**ये अफसर बनेंगे आइएएस**

- कंचन सिंह उप निदेशक, महिला, बाल, विकास विभाग।
- धनजंय कुमार सिंह, संयुक्त श्रमायुक्त, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग।
- सीता पुष्पा- उप निदेशक, महिला बाल विकास विभाग।
- विजय कुमार सिन्हा- मुख्य अभियंता, उर्जा विभाग।
- प्रीति रानी- उप निदेशक, महिला, बाल, विकास विभाग।
- लाल राजेश प्रसाद- संयुक्त श्रमायुक्त, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग।

# रश्मि प्रकाश राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झाररखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पार्टी मुख्यालय, रांची में चतरा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रही रश्मि प्रकाश को प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव भी मौजूद थे। मौके पर कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश अत्यंत जनप्रिय युवा नेत्री हैं। वह झारखंड के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू भी हैं। रश्मि प्रकाश एक होनहार शिक्षित कर्मठ संघर्षशील एवं प्रखर वक्ता के रूप में जानी जाती हैं। इनके कुशल व प्रखर कार्यशैली से प्रभावित होकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने विगत विधानसभा चुनाव में इन्हें चतरा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया था। रश्मि प्रकाश के प्रदेश महिला



अध्यक्ष नियुक्त होने पर श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित प्रदेश के समस्त राजद पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आधी आबादी महिलाओं के हक और अधिकार के लिए अपनी राजनीतिक कार्यशैली से युवा वर्ग एवं महिलाओं को राजद की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा, लालू यादव और तेजस्वी यादव के नीति सिद्धांत के प्रति प्रेरित करेंगी।

# रांची रेलवे स्टेशन से रिंग रोड को जोड़ने के लिए जल्द बनाया जायेगा स्मार्ट रोड

### साइकिल ट्रैक के साथ सोलर पैनल भी होगा, डीपीआर पर तेजी से काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रेलवे स्टेशन रांची से रिंग रोड तुपुदाना की ओर जोड़ने के लिए स्मार्ट रोड बनाया जायेगा। पथ निर्माण विभाग रेलवे स्टेशन की दूसरी ओर से पुल के पास से एक सड़क निकालने की योजना तैयार कर रहा है, जो सीधा रिंग रोड को जोड़ेगा। रेलवे स्टेशन से बड़ा घाघरा होते हुए यह रोड रिंग रोड से जुड़ेगा। बताते चलें कि पहले से रेलवे स्टेशन से यह रोड बनायी गयी है जो रिंग रोड एयरपोर्ट को जोड़ रहा है।

पथ विभाग ने कंसलटेंट क्यूब लिमिटेड को इसका डीपीआर तैयार कराने का निर्देश दिया है। कंसलटेंट ने इस पर काफी काम भी कर लिया है, लेकिन अब पथ निर्माण विभाग ने इसे स्मार्ट रोड की तर्ज पर विकसित करने का निर्देश दिया है।



**सड़क में साइकिल पथ भी बनाया जायेगा :** एचईसी गेट से जिस तरह से एचईसी गोलंबर तक रोड बनाया गया है उसी अनुरूप इसे भी बनाया जायेगा, बल्कि कई मायनों में यह उससे भी अधिक आधुनिक होगा। सड़क में साइकल पथ भी बनाया जायेगा, पैदल चलने वालों के लिए भी काफी जगह होगी। इंजीनियरों ने बताया की फोरलेन रोड से भी अधिक चौड़ी सड़क बनायी जायेगी, इसमें दोनों ओर स्ट्रीट लाइट लगाया जायेगा, जिसके लिए सोलर पैनल भी लगाया जायेगा। यानि इसी सोलर पैनल के जरिये स्ट्रीट लाइट में बिजली दी जायेगी। इस काम के लिए कंसलटेंट के इंजीनियरों ने जेरेडा से बात भी कर ली है। सोलर पैनल वहां से उपलब्ध कराया जायेगा। सड़क में चार मीटर चौड़ा डिवाइडर भी होगा, जिसमें पौधा लगाये जायेंगे। हर ओर ग्रीनरी होगा। करीब 10 किमी लंबी इस रोड को काफी आधुनिक बनाने की योजना है। इस रोड के बनने से रेलवे स्टेशन से उतरने वाले यात्रियों को रिंग रोड, एयरपोर्ट इत्यादि जाने में काफी सुलभ होगा, आवागमन आसान हो जायेगा।

# राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति 62 साल करे सरकार: महासंघ

### तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश की तर्ज पर महासंघ ने रखी अपनी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने तेलंगाना ,आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों के तर्ज पर झारखंड के राज्य कर्मियों (सरकारी कर्मियों) की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। श्री जहीर ने कहा कि राज्य कर्मियों की कमी और कार्यों की गुणवत्ता को देखते हुए राज्य कर्मियों की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ाकर झारखंड की चहुमुखी विकास को बढ़ाने और राज्य के हित में शीघ्र पूरा किया जाये। साथ ही सचिवालय से लेकर



मुफस्सिल तक के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति देने एवं शिशु शिक्षण भत्ता देने, रिम्स के नर्सों एवं अन्य कर्मियों को ओ पी एस का लाभ देने और अनुबंध कर्मियों को नियमित करने सहित महासंघ के मांगों को पूरा करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहानुभूति पूर्वक महासंघ से वातार्कार कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान की जाये।

# पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिवों के रहने की व्यवस्था करे सरकार : कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कांग्रेस भवन रांची में रविवार को हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 73वां और 74वां संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायत राज और नगर निकाय व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिला जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की महती भूमिका रही। उन्होंने आरजीपीआरएस के सभी सदस्यों को जमीनी स्तर पर कार्य करने पर बधाई दिया। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी श्रीवेला प्रसाद ने भी नगर निकाय चुनाव हेतु कार्यकताओं को कमर कस लेने को कहा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने कहा कि हम जल्द ही पंचायती



राज मंत्री से मिलकर पंचायत सचिवालयों में ही पंचायत सचिव रहे, इस ओर सरकार का ध्यान दिलाएंगे जिससे की राज्य के सभी पंचायत सचिव को मिल रहे मकान किराया भत्ता की बचत होगी। बैठक में इसके अलावा विभिन्न जिलों में बैठकों की तिथि निर्धारित किया गया। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि झारखंड पंचायती राज नियमावली 2001 में संशोधन के कुछ सुझावों से भी सरकार को अवगत कराया जाएगा, जिससे त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था की जनप्रतिनिधियों को ज्यादा लाभ मिल सके। डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू ने कहा कि यह संगठन कांग्रेस की नींव है जो अपने दायित्वों को बखूभी निभा रही हैं।

बैठक में सतीश पॉल मुजनी, रियाजुल अंसारी, डॉ अमित झा, जॉनसन मिंज, अंजनी रंजन, ज्ञान सिंह दोरायबुरू, रितेश तामसोय, समीर सुंडी, त्रिभुवन, फणीश्वर नाथ नीलेश, देवलाल कुमार, संतोष राय, पवन कुमार, विवेक विशाल, योगेंद्र यादव, कंचन देवी, अमृतेश कुमार, आनंद कुमार और अन्य थे।

# वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधि-मंडल रघुवर दास से मिला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा शान-ए-वैश्य से सम्मानित झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास से रांची के धुर्वा स्थित आवास में महेश्वर साहु के नेतृत्व में वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिला और पुनः सक्रिय राजनीति में आने पर उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर वैश्य मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु एवं केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं रांची महानगर अध्यक्ष कपिल प्रसाद साहु एवं केंद्रीय सदस्य संजय साहु ने बुके देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी एवं महिला मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज शामिल थीं।

# गुरुजी शिबू सोरेन के जन्मदिन पर शिक्षाविद समेत कई लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन के मौके पर कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ उमेश कुमार, अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षाविद डॉ अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश के बुद्धिजीवी सेल के पूर्व अध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षाविद, शिक्षकेत्तर कर्मचारी छात्र एवं बुद्धिजिवियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम गुरुजी के मोराबादी रांची के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ उमेश



कुमार एवं डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड प्रदेश में जितने भी राजनीतिक दल कार्य कर रहे हैं, उसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा जनहित के काम करने में आगे है। इसका परिणाम पुनः इस बार प्रदेश में हेमंत सोरेन को प्रचंड बहुमत मिला और झारखंड में पार्टी के नेतृत्व पर सरकार का गठन हुआ। हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर झारखंड राज्य दिन दुनी रात चौगुनी तरक्की करेगा।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**RC/287/2022**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
Versus
AMARDEEP KUMAR

To
(CD1)AMARDEEP KUMAR
RESIDENT OF BARWA TOLA RANCHI
ROAD PO MARAR AND PS MUNDU
RAMGARH - 829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/148/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 4162226.00 (Rupees Forty One Lakhs Sixty Two Thousand Two Hundred Twenty Six Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **15/04/2025** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **11/12/2024.**

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI**


## पुरानी गलतियों से सीख रही कांग्रेस, मिशन पर लगे 4 मंत्री; ग्राउंड जीरो पर काम शुरू

# जनता के बीच मजबूत पैठ बनाने की कोशिश में कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में सत्ता की सहभागी रहने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस अपनी गलतियों को दोबारा दोहराना नहीं चाहती है। पांच साल सत्ता में सहभागी रहने के बावजूद जो लाभ झारखंड मुक्ति मोर्चा को मिला, वह कांग्रेस को नहीं। झारखंड विधानसभी के चुनाव में झामुमो विधायकों की संख्या आधा दर्जन से अधिक बढ़ी, लेकिन कांग्रेस के कई विधायक प्रत्याशी निशाना चूक गए। अब एक बार फिर कांग्रेस अपनी टीम को मजबूत करने के प्रयासों में जुट गई है।

इसके तहत सभी मंत्रियों को नियमित तौर पर जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया गया है। इन कार्यक्रमों में जहां भ्रष्टाचार के आरोपों पर अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई जाती है, वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता का काम भी पूरा कराने की कोशिश करते हैं।

**जनता के बीच पहुंच रहे मंत्री :** इसके माध्यम से पार्टी का प्रचार-प्रसार तो हो ही रहा है, जनता के बीच सीधे पहुंच बन रही है। इन कार्यक्रमों का पूरा लाभ कांग्रेस को ही मिले, इसके लिए कांग्रेस कार्यालय, मंत्रियों के आवास और दफ्तरों को केंद्र बनाकर काम किया जा रहा है। इसका लाभ फिलहाल भविष्य के गर्भ में छिपा है।

**पहले की अनदेखी, अब कर रहे पूरा फोकस :** पार्टी नेतृत्व ने सभी विधायकों और मंत्रियों को इस तरह के संदेश पिछली बार भी दिया था, लेकिन कहीं न कहीं इस निर्देश की अनदेखी की गई थी। मंत्रियों ने संगठन के साथ-साथ कार्यकताओं से भी दूरी बना ली थी और इसका नतीजा यह रहा कि पार्टी नेतृत्व को दो मंत्रियों को बदलना पड़ा।

**कांग्रेस का नया प्लान :** कांग्रेस कोटे के मंत्रियों ने जनता दरबार को अधिक गंभीरता से लिया है और नियमित आयोजन भी हो रहा है। दीपिका पांडेय सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, राधाकृष्ण किशोर आदि नेता जनता दरबार का आयोजन कर चुके हैं। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की नियमित समीक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच अपनी पैठ बनाने में कामयाब होती दिख रहीं हैं। शिल्ही नेहा तिर्की के निर्देशों की चर्चा समाचार पत्रों के माध्यम से आम जनों के बीच भी हो रही है।

### सीनियर मंत्री गये जेल नंबर दो पर ईडी की रेड

पिछले पांच वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस के कड़े फैसले का नतीजा सबके सामने है। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के प्रदर्शन का आकलन किया जाए तो पार्टी के सबसे सीनियर मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए, नंबर दो पर ईडी की रेड हुई, लेकिन कार्रवाई नहीं। उन्हें इस चुनाव में जीत भी मिली, लेकिन मंत्रिपरिषद में मौका नहीं। दो मंत्री चुनाव हार गए। पिछले कार्यकाल में जिन दो मंत्रियों को पार्टी ने दोबारा मौका दिया, वो जीत गए और यह साबित हुआ की पार्टी की रणनीति काम कर रही है। अब पार्टी नए मंत्रियों को पार्टी को लेकर आगे बढ़ने का जिम्मा है।

स्पीड न्यूज

### शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव आज

**जमशेदपुर।** श्री शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव सह मंगलपाठ का भव्य आयोजन 13 जनवरी सोमवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में होगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसका आयोजन श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा किया जा रहा हैं। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष नीतू हरनाथका ने बताया कि सोमवार को दोपहर 03 .30 बजे से मंगलपाठ का शुभारंभ होगा। मंगलपाठ का वाचन भजन गायक मनोज शर्मा मोनू करेंगें। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में संस्था की सभी महिलाएं लगी हुई हैं।

### जयहरि जी का हाल जानने अस्पताल पहुंचे अर्जुन मुंडा



**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड के टांगराईन गांव के समाजसेवी, शिक्षाविद् व माताजी आश्रम से जुड़े जयहरि सिंह मुंडा का कुशलक्षेम जानने केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा रविवार को आदित्यपुर स्थित मेडिट्रिना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जयहरि जी का हालचाल पूछा और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। अर्जुन मुंडा ने उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों से पूरी जानकारी ली। उनके साथ भाजपा नेता और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह (बॉबी सिंह) भी थे।

### चोरी के स्प्लेंडर के साथ एक युवक गिरफ्तार

**गम्हरिया।** कांड्रा पुलिस ने चोरी के स्पलेंडर बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को थाना गेट के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में चौका की ओर से मोटरसाइकिल से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस की नजर पड़ते ही जांच कर रही पुलिस द्वारा उसे दबोच लिया गया।

### विवेकानंद जयंती पर चित्रांकन प्रतियोगिता

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था एकलव्य शिव मंदिर, ट्रैफिक कॉलोनी टाटानगर की ओर से स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विदेशों में सनातन संस्कृति और आध्यामिक दर्शन कराने वालेअ ध्यात्म ज्ञान के धनी स्वामी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण और दीप जला कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कन्हैया प्रसाद, प्रदीप श्रीवास्तव, विकाश कुमार, दीपांकर, अभिषेक और देवेंद्र मौजूद रहे।

### स्वामी जी भारतीय अध्यात्म को दी वैश्विक पहचान : डॉ आरके

**जमशेदपुर।** घाटशिला कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती को तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के आध्यात्मिक राजदूत थे। उन्होंने अपने अल्पकालीन जीवन में मानव कल्याणार्थ जिस अध्यात्मवाद तथा भारतीय दर्शन के मौलिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया और प्राणीमात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।

### स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानकर चलें युवा : डॉ एके लाल

**जादूगोड़ा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष की भी श्रीश्री योगेश्वरी आनंदमयी सेवा प्रतिष्ठान माताजी आश्रम हाता में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनायी। मुख्य अतिथि श्री लेदर्स निदेशक शेखर डे, सम्मानीय अतिथि पूर्व सिविल सर्जन डॉ एके लाल थे। डॉ लाल ने कहा कि विवेकानंद जी युवाओं का आदर्श है। युवा उनके बताये मार्ग पर चल जीवन गठन कर सकते हैं।

# दो दिवसीय दोमुहानी संगम महोत्सव आज से, कल गंगा आरती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 13-14 जनवरी को दोमुहानी घाट पर सोमवार 13 जनवरी से दो दिवसीय दोमुहानी संगम महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन 13 जनवरी को अपरान्ह 4:30 बजे से होगा जिसमे नदी और पर्यावरण पर गोष्ठी होगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में नदी विशेषज्ञ डॉ दिनेश मिश्र, विधायक व पर्यावरणविद् सरयू राय, मनोज सिंह उपास्थित लोगो को नदी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में पर्यावरण पर एक विशेष सत्र में उपस्थित अतिथि अपना अनुभव साझा करेंगे। पर्यावरण पर चर्चा के पश्चात स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात शाम 5:30 बजे से शहर के जाने माने लोक गायक सोनू सिंह दुलरुवा अपनी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही समाज व धर्म क्षेत्र में कार्य करने वाले शहर के करीब 50 विशिष्ट लोगों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित भी किया जायेगा।

उक्त जानकारी दोमुहानी घाट पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह, शंकर रेड्डी, हिन्दू उत्सव समित के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, प्रवक्ता सुखदेव सिंह, अभिमन्यु प्रताप,



संवाददाता सम्मेलन में शिवशंकर सिंह, रवि सिंह व साथी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए।

वॉइस ऑफ हुमीनटी के हरि सिंह राजपूत, अरविंदर कौर, शशि जी, दुर्गा देवी, संतोषी साहू, इंद्रजीत सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दी।

रवि सिंह ने बताया कि 14 जनवरी को भव्य गंगा आरती का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 3 बजे स्वर्णरेखा नदी पूजन एवं अभिषेक के साथ होगी। अपराह्न 4 बजे गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी जबकि शाम 5 बजे कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति पूर्व मंत्री एवं दोमुहानी तट पर भव्य द्वार एवं घाट बनवाने वाले पूर्व विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में बनारस उ.प्र वाले प्रख्यात संत तपोमूर्ति त्रिदंडीस्वामी जी महाराज जी की उपस्थिति में स्वर्णरेखा आरती कार्यक्रम होगा। आरती से पूर्व एक नृत्य ग्रुप की प्रस्तुति होगी। इसका विशेष आकर्षण गंगा जी की धरती पर अवतरण का नृत्य रूपांतरण होगा। नृत्य के बाद गंगा स्वरूपा मां स्वर्णरेखा की भव्य आरती होगी।

### 51000 दीयों से जगमगायेगा आरती स्थल

संरक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि भव्य गंगा आरती के दिन आयोजन समिति द्वारा नदी तट पर दीपोत्सव का भी कार्यक्रम है जिसमे कार्यकर्ताओं द्वारा 51000 दीपो से नदी तट को सजाया जाएगा जिससे नदी को छटां देखते ही बनेगी। कार्यक्रम में लगभग एक लाख लोगो के उपस्थित होने की संभावना है। इस बार के कार्यक्रम में संभावना है कि शहर व आसपास से लगभग एक लाख श्रद्धालु इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देध्य नदी और पर्यावरण को धर्म और आस्था के साथ जोड़कर उसे संरक्षित व संवर्धन करना है। हरि सिंह ने कहा कि इस आयोजन का एक उद्देश्य यह भी है कि ऐसा परिवार या ऐसे बुजुर्ग जो अपनी शारिरिक कष्ट व आर्थिक कष्ट ले कारण बनारस व हरिद्वार जाकर इस दिव्य गंगा आरती को नही देख पाते ऐसे व्यक्तियों को हम उनके शहर में ही एक दिन के लिए काशी बनारस व हरिद्वार का नजारा दिखाने का कार्य करते हैं।

### स्वर्णरिखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यक्रम में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक हुए शामिल

# स्वामी जी के उपदेश मान कर ही स्वावलंबी बना भारत : सरयू राय

- मात्र 39 साल की आयु में स्वामी विवेकानंद जी ने सनातन के लिए कई असाधारण कार्य किये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का नाम लेने मात्र से ही एक सकरात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज भारत स्वावलंबी हुआ है तो स्वामी जी के उपदेशों पर अमल करने के कारण ही ऐसा हो पाया है। दरअसल, भारत के विकास के मूल में स्वामी जी का आधार है। उन्होंने 39 वर्ष की आयु में देश और विदेश में सनातन धर्म को प्रतिष्ठित करने के लिए जो कार्य किया, वह असाधारण है। वह स्वामी जी की



स्वामीजी की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक व अन्य।

जयंती पर स्वर्णरिखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान में माल्यार्पण सह बौद्धिक विचार कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि यह कहा जाता है कि स्वामी जी ने जमशेत जी नसेरवान जी टाटा के साथ एक जहाज में यात्रा करने के दौरान उन्हें यह सुझाव दिया था कि टाटा स्टील की स्थापना इस भूमि पर करनी चाहिए। तब जाकर भारत की पहली स्वदेशी कंपनी के रूप में टाटा स्टील अस्तित्व में आया। स्वामी जी का योगदान शहर के लिए प्राण तत्व है।

उन्होंने कहा कि भुवनेश्वरी देवी मंदिर की तलहटी पर बना यह स्थान भी इस आध्यात्मिकता को और बल प्रदान करेगा। इस हमें सजाना और संवारना चाहिए। निकट भविष्य में ठाकुर जी और मां शारदा को भी यहां स्थापित करने का प्रयास होगा। यहाँ से निकलने वाली किरणें अध्यात्म को आम लोगो के बीच सरल-सुलभ बनाने व मां भुवनेश्वरी एवं श्री कृष्ण की कृपा से विवेकानंद के संदेश को आम जन तक पहुंचाने में कारगर होगा। सरयू राय ने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि भले ही वे अब जमशेदपुर पश्चिम से विधायक हो गए हैं किन्तु जमशेदपुर पूर्व में जन कल्याण के लिए उनके द्वारा शुरु किये गये विकास कार्यों का निर्वहन वे करते रहेंगे।

इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख पुजारी आचार्या आर गोविंद राजन, आचार्य टीके सुकुमारन, जदयू के वरिष्ठ नेता सुबोध श्रीवास्तव, अशोक गोयल, इंद्रजीत सिंह, प्रचेष्टा ग्रुप के सुब्रता दास, दीपांकर प्रामाणिक, पार्थो, प्रतीम महतो, पारथा चक्रवर्ती, अजय दास, जे साहू, विश्वजीत कुंडू, प्रणव राय, मनोज महतो, असीम पाठक, कुमकुम दास, पिंकी विश्वास, पौली विश्वास, रमेश बैनर्जी सहित कई लोग मौजूद रहे।



**भाजपा की दोबारा सदस्यता लेकर जमशेदपुर पहुंचे रघुवर, भव्य स्वागत :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिसा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास ने भाजपा की दुबारा सदस्यता लेकर झारखंड की सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया है। पार्टी की सदस्यता लेकर वे आज पहली बार जमशेदपुर पहुंचे तो उनके समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। समर्थकों को अपने नेता का भव्य स्वागत किया।

## जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर में नौ कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर में नौ कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस यज्ञ में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण शर्मा काली भी उपस्थित रहे। यज्ञ के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र वातावरण में धार्मिक आस्था को अनुभव किया। इस अवसर पर श्री अर्जुन मुंडा जी और श्री कृष्ण शर्मा काली ने संत श्री सुंदर राज (यतिराज) स्वामी जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। संत श्री सुंदर राज (यतिराज) स्वामी जी



यज्ञ में मौजूद पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा, कृष्णा शर्मा काली व अन्य अतिथिगण का अभिनंदन करते त्रिदंडी स्वामीजी।

महाराज ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज में धार्मिक और नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। यह यज्ञ समाज में शांति, समृद्धि, और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। मौके पर शंभूनाथ सिंह, सुधीर सिंह, बॉबी सिंह, रवींद्र पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में याद किये गये स्वामी विवेकानंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी पर बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नालोजी, जमशेदपुर में राष्ट्रीय युवा दिवश मनाया। मौके पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह, कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉ एसके राय, एनआईटी जमशेदपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राचार्य डॉ केके सिंह, एनआईटी जमशेदपुर के इलेक्ट्रानिक्स विभाग के डॉ कुणाल सिंह, एनआईटी जमशेदपुर के यान्त्रीकि विभाग के प्रो डॉ सतीश कुमार और एनआईटी जमशेदपुर के रजिस्ट्रार कर्नल डॉ एनके राय मौजूद थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसके राय ने अपने स्वागत भाषण में सबका स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद के संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। मौके पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने स्वामी विवेकानंद के समाज के प्रति योगदान को याद कर उनके आदर्श से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया।



## नारायण आइटीआई ने किया स्वामी विवेकानंद को नमन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** रविवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडीह, चांडिल में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद (12 जनवरी 1863 - 4 जुलाई 1902) वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है।

## स्वामी विवेकानंद अमर रहें के नारों से गूंज उठा साकची गोलचक्कर

- एक बैनर तले भाजपाई हुए एकत्र, कांग्रेसी और झामुमो नेता
- नमन संस्था का कार्य अतुलनीय एवं प्रेरणादायी : विद्युत महतो
- स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा : काले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** युवाओं के प्रेरणा स्रोत युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सामाजिक संस्था नमन ने एक भव्य आयोजन साकची मुख्य गोलचक्कर पर किया। मौके पर शहर के कई गणमान्य, बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नमन संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचारों ने समाज के हर वर्ग को जागरूक किया और हम सभी को एक नई दिशा दी। हमें उनके सिद्धांतों का पालन करते हुए देश की सेवा करनी चाहिए। हमें उनके विचारों को अपनाकर अपनी जिम्मेदारियों का पालन करना चाहिए। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि केवल आत्मविश्वास और आत्मबल से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है।



बिरसा मुंडा गोलचक्कर, साकची में नमन के कार्यक्रम को संबोधित करते जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युतबरण महतो।

मुख्य अतिथि जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा स्वामी विवेकानंद ने अपनी शिक्षाओं से युवाओं में शक्ति का संचार किया और यह संदेश दिया कि अपने आप पर विश्वास करो, तुम किसी भी कठिनाई को पार कर सकते हो। उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं।

विशिष्ट अतिथि, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा स्वामी विवेकानंद ने भारत की संस्कृति और गौरव को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया। उनका कहना था कि हमें अपनी जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ना चाहिए। हमें उनके विचारों का पालन कर अपने समाज को एक नई दिशा देनी चाहिए।

मौके पर कांग्रेस नेता रामाश्रय प्रसाद, अजय सिंह, सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के शैलेंद्र सिंह, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह भी थे।

## एक नजर में

### डिमना मॉर्निंग वॉकर्स ने मनाया वनभोज



**जमशेदपुर।** अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार मानगोवासी जो डिमना की वादियों में नित्य योगा वॉकिंग और व्ययाम करते हैं। आज डिमना की वादियों में अपना वन भोज सह सामूहिक मिलन का कार्यक्रम रखा। संचालन पूर्व सैनिक सुशील सिंह, विषय प्रवेश श्याम सिंह ने किया। जबकि अन्य वक्ता के रूप में शिवकुमार सिंह उर्फ पहाड़ी बाबा छोटन मिश्रा मुन्ना सिंह अशोक सिंह चौबे जी रणजीत यादव बंसल जी स्वामी दयानंद आर पी सिंह ने रखा। स्वादिष्ट व्यंजन बनवाने की जिम्मेदारी किशोर सिंह, टिंकू शर्मा, के के सिंह ने निभायी। मार्केटिंग महेश जोशी दिनेश सिंह हंसराज सिंह सुरेन्द्र प्रसाद मौर्या ने की। मौके पर राधेश्याम, रघुनाथ सिंह, विनय पांडे, राजू सिंह, विनोद झा, शिव भक्त राघव मिश्रा, सुनील राय, राजीव रंजन, सतनाम सिंह, सचिवंत मिश्रा भी मौजूद थे।

### ब्रिंग बैक इंडियन कल्चर फाउंडेशन ने स्वामी विवेकानंद को जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** ब्रिंग बैक इंडियन कल्चर फाउंडेशन ने बिरसानगर के संगठन के कार्यालय में रविवार को युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सबों ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके महान विचारों को स्मरण किया। स्वामीजी के पदचिह्नों पर चलने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। संगठन ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद की जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र निर्माण और समाज कल्याण के लिए सक्रिय योगदान दें। संगठन के सदस्यों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार हमें आत्मनिर्भरता, चरित्र निर्माण और सेवा भाव के महत्व को समझाते हैं। कार्यक्रम में संगठन के संस्थापक सदस्य केके राय, अखिलेश सिंह, नीतिश कुशवाहा, संतोष राय, पम्मी राय, रेखा पांडे, अनूप राय, प्रियम पांडे, प्रेम पांडेय, संजय मुंडा आदि उपस्थित थे।

### गम्हरिया : युवा दिवस पर 15 यूनिट रक्त संग्रह



**गम्हरिया।** स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर में सामाजिक संस्था नयी जिंदगी परिवार जमशेदपुर ने एक मिनी रक्तदान शिविर लगाया। ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर जमशेदपुर के आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी इस शिविर का नेतृत्व कर रहे थे। इसमें कुल 15 आदिवासी युवाओं ने अपने पारंपरिक परिधान फुटा काचा पहन स्वेच्छा से रक्तदान किया। सभी को राजेश मार्डी ने प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ पारंपरिक अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सालमपाथर के सीताराम हेंब्रम ने अपने जीवन में कुल 34वीं बार रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बने हुए हैं। मौके पर गणेश टुडू, सीताराम हेंब्रम, समीर टुडू, लक्ष्मण मुर्मू, सुरज टुडू, सोना किस्कू, संजय सोरेन, सुरेश मुर्मू, शत्रुघ्न माझी, तरूण मुर्मू, राजेश टुडू थे।

### बीएनएच ने आशियाना शहर में लगाया जांच शिविर



**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल जमशेदपुर ने चेपा पुल स्थित आशियाना शहर सोसायटी में एक निशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर लगाया। जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ईसीजी, बीएमआई की जांच की गयी। प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम ने करीब 65 लोगों की ह्रदय जांच की। बताया कि लोग ज्यादातर अपनी व्यस्त एवं तनावग्रस्त जीवन शैली से अस्वस्थ होकर ह्रदय रोग के मरीज बन जाते हैं। उन्होंने समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराने का भी संदेश दिया।

### विवेकनगर पार्क में रामायण पाठ 12 फरवरी को



**जमशेदपुर।** रविवार को छोटा गोविंदपुर, जमशेदपुर अखंड संकीर्तन समारोह समिति की वार्षिक आम सभा संघ के अध्यक्ष मधु सिंह की अध्यक्षता में विवेक नगर पार्क में हुआ। जिसका संचालन संजय सिंह ने किया। सर्वसम्मति से 10 फरवरी से 48 घंटे का अष्टजाम, रामायण पाठ हवन यज्ञ के साथ प्रारंभ होगा। उपास्थित सभी गण्यमान्यों ने अपने सुझाव रखे। संघ के अध्यक्ष मधु सिंह ने कहा कि ये 25वां साल है। इसलिए धूमधाम से यज्ञ होगा। जिसमें समस्त गोविंदपुर वासी की भागीदारी रहेगी। इस दौरान कमेटी विस्तार किया गया, जिसमें संयोजक चंद्रशेखर सिंह, कमलेश सिंह, संजय सिंह, राधे श्याम सिंह, पवन सिंह, ललन शाह, दुर्गावती देवी, गीता मिश्रा को जोड़ा गया। राम लला की स्थापना के एक वर्ष पूरा होने पर रामजी की महाआरती की गयी। राम जी का उत्सव मनाते हुए सभी लोगों ने लिट्टी-चोखा का आनंद उठाया। जिसमें लगभग 200 लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें मधु सिंह, कमलेश सिंह, पवन सिंह, चंद्रशेखर सिंह, राधे श्याम सिंह, भोला सिंह, बलराम सिंह, उपेंद्र कुमार, डॉ सुनील कुमार, अरुण कुमार, जुगनू वर्मा, मधु मिश्रा, स्नेहलता, दुर्गावती, रेखा देवी, बिनोद यादव, जलेश्वर सिंह, पवन लाल, जय नारायण सिंह, संजय सिंह, उदय, धीरज सिंह, बिनय चौबे, रोहित सिंह, विवेक, शशि, राहुल, विकास, भरत, रोशन कुमार, गर्व शर्मा, हिमाशु, सुधांशु झा, अंशु आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### वित मंत्री के दौरा को लेकर निरीक्षण



**पाटन पलामू।** पाटन बीडीओ अमित कुमार झा के नेतृत्व में प्रखंड के अधिकारियों ने वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर के दौरा को लेकर चेतमा पिकेट मैदान का जायजा लिया। जहां नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय भी थे। वित मंत्री का 14 को प्रोग्राम होना है। इसे लेकर पाटन बीडीओ एवं नावा जयपुर पुलिस विधि व्यवस्था पर काम कर रहे हैं।

### कार-बाइक की टक्कर में दो गंभीर



**हरिहरगंज पलामू।** कौआखोह के समीप फोरलेन सड़क पर शनिवार को सेलेरियो कार और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनकी पहचान बनवारी उरांव (30) तथा खड़गपुर के सुधीर मेहता (27) के रूप में हुई। बाइक सवार हरिहरगंज की ओर आ रहे थे। तभी छतरपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रहे कार (जेएच 01 सीएफ 1746) ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उन्हें रेफर कर दिया गये। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सदल बल घटनास्थल पहुंच कार जब्त कर कार्रवाई में जुट गये हैं।

### विवेकानंद ने विश्वपटल पर भारत का पताका फहराया था : ऋतुराज मिश्रा



**विश्रामपुर (पलामू)।** महंगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। स्कूल प्रबंधन ने कई कार्यक्रम भी किये। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वह युवा संत थे जिन्होंने विश्वपटल पर भारत और सनातन का पताका फहराया था। उन्होंने युवाओं को कर्मयोग की शिक्षा दी जिसके चलते उनके जन्मजयंती को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक नेहा वर्मा, पूजा कुमारी, सीता देबी, प्रमोद कुमार, रीता देवी थे।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार




**विश्रामपुर पलामू।** एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चल रहा है। इसी क्रम में शनिवार की रात रेहला थाना के महावीर मंदिर रेहला कला के पास रेहला थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध बाइक रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस दल ने पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि गॉड फादर क्लासिक बियर 600 एमएल की दो पेटी, प्रत्येक पेटी में 10-10 बोतल, गॉड फादर सुप्रीमी स्ट्रांगर बियर पांच सौ एमएल का दो पेटी प्रत्येक पेटी में 24-24 केन बियर, शराब के अवैध ढुलाई में प्रयुक्त एक पैशन प्रो (एचपीओ 12 ई 0533) जब्त की गयी है। गिरफ्तार सुनिल चौधरी (32), पिता बैजनाथ चौधरी, फरटिया, थाना जिला-गढ़वा का बताया जा रहा है। वह कागजात नहीं दिखा सका।

### मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पंजरी खुर्द गांव में होगा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के पंजरी खुर्द गांव में आसपास के 20 गांवों के गणमान्य लोगों की एक सामूहिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक भृगुनाथ सिंह व संचालन रौशन पाठक ने किया। बैठक में नव निर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि अप्रैल में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जहां लक्ष्मीनारायण महायज्ञ भी होगा। इसके लिए स्वागत, भंडारा, मंडप निर्माण व अनुशासन कमेटी व ट्रस्ट बनाने पर भी चर्चा हुई। 27 अप्रैल को कलश यात्रा और 30 को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। बैठक में तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, प्रवीण मिश्रा, अमितेश्वर दयाल, राघवेंद्र कुमार, बिनोद पाठक, शिव कुमार चौधरी, सोनू सिंह, रामयश पाठक, चंद्रशेखर पाठक, अमरेश तिवारी, बसंत पाठक, दिनेश पाठक, सुदेश्वर पाठक भी थे।

### ऋत्विज परिवार का वनभोज मना




**चैनपुर पलामू।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ऋत्विज परिवार द्वारा वनभोज सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन गंगा गार्डन कारकाट बंदुआ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज में हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष में जो जो कार्य ऋत्विज परिवार द्वारा किये जायेंगे, उस पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का उदघाटन ऋत्विज परिवार के संरक्षक डॉक्टर अरुण शुक्ला, अर्जुन पाण्डेय ऊर्फ गुरु पांडेय, संतोष शुक्ला, दीपक तिवारी, बलराम तिवारी, दीनानाथ तिवारी, किशोर पाण्डेय ने किया। अर्जुन पांडेय ने कहा कि ऋत्विज परिवार समाज में इस वनभोज से समाज के लोगों के बीच संदेश देना चाहा कि हमारे समाज के निर्धन और मेधावी छात्र-छात्रा जो किसी कारणवश उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं उन्हें सहयोग के लिए ऋत्विज परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। डॉ अरूण शुक्ला ने कहा कि समाज के जरूरमंद विद्यार्थियों को पठन-पाठन में और उनके भविष्य निर्माण में जहां कहीं भी कोई विघ्न बाधा आती है तो उसे दूर करने का भरपूर प्रयास करेगा। साथ ही ऋत्विज परिवार सामूहिक विवाह करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। समाज के वैसे लोग जो अपनी कन्या की शादी के लिए अपनी संपत्ति को बेचकर और आर्थिक परेशानियों का सामना कर शादी करते हैं।

# पलामू की महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा हुनर हाट : राधाकृष्ण किशोर

- महिलाओं को समान अवसर देने के लिए मोदी सरकार संकल्पित : सांसद बीडी राम
- चैंबर की महिला विंग महिलाओं के हुनर को तराश रही है : प्रथम महापौर अरूणा शंकर
- गांधी उद्यान में पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला इकाई ने किया हुनर हाट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गांधी उद्यान में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला इकाई ने हुनर हाट कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सूबे के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद विष्णुदयाल राम, प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने संयुक्त रूप से किया।



**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पो एससी मिश्रा, भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, कृष्णा अग्रवाल, रिंकू दुबे, इंद्रजीत सिंह डिपल, संध्या अग्रवाल मौजूद थे।

**खास बातें :** वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाओं की हालत दयनीय है। इन्हें सामाजिक और आर्थिक मजबूती देने के लिए हेमंत सरकार कार्य कर रही है। इसी का सुखद परिणाम मईयां सम्मान योजना है। जिसने आज राज्य की महिलाओं को सम्मान के साथ जीना सिखाया है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी अपनी जरूरत को इस पैसे से पूरा कर रही हैं। घर चलाने में मददगार बन रही हैं। वित मंत्री ने चैंबर के कार्यक्रम की सराहना की और गांधी मैदान को खूबसूरत स्वरूप देने के लिए पूर्व मेयर अरूणा शंकर की सराहना की। वित मंत्री ने कहा कि हुनर हाट का आयोजन पलामू के महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। महिला इकाई की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सांसद बीडी राम ने कहा कि महिलाओं को समान अवसर देने के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। महिलाओं की प्रतिभा को पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं पहचाना। पीएम मोदी हर क्षेत्र में महिलाओं की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे हैं।

# सता में भागीदारी के लिए एकजुट हों समाज के लोग: डॉ शशिभूषण मेहता

- हक अधिकार के लिए लोगों को आज एकजुट रहने के लिए संकल्पित होना होगा : विधायक
- चतरा में दांगी कुशवाहा समाज ने विधायक का किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर /पांकी।** झारखंड दांगी कुशवाहा समाज की चतरा जिला इकाई ने भव्य अभिनंदन समारोह सह महासम्मेलन किया। जिसके मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता का समाज के लोगों बड़े ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अभिनंदन समारोह में दांगी कुशवाहा समाज के काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



**क्या बोले विधायक :** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता समाज द्वारा किये गये स्वागत से अभिभूत होकर उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र के समाज के लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि आज समाज की एकजुटता का प्रतिफल रहा कि पाकी विधानसभा क्षेत्र से एक किसान का बेटा लगातार दूसरे बार भी विधायक बना। यह समाज के लिए गौरव की बात है। विधायक ने कहा समाज के लोगों की सत्ता में उचित भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए आज इस महासम्मेलन एक जुट होकर मजबूत बनने के लिए संकल्पित होना होगा।

**ये रहे मौजूद :** मौके पर हिरेंद्र कुमार, केदार दांगी, प्रकाश मेहता, मंदीप मेहता, वीरेंद्र मेहता, गुड्डू, सत्यदेव वर्मा, देवचरण दांगी, बटेश्वर मेहता, श्याम सुंदर प्रसाद, लीलावती मेहता, अर्जुन कुमार, संजय शान, रूबी वर्मा, रामसेवक भगत, रोहिणी देवी, प्रियंका कुमारी, भूषण कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, चिंता देवी, सिकंदर मेहता, मुकुटधारी दांगी, बोकारो जिलाध्यक्ष सुनील महतो मौजूद थे।

## जोड़ पंचायत के खनवा ग्राम में चला भाजपा का सदस्यता अभियान

# भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करती है : बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में जोड़ पंचायत के खनवा मे सदस्यता संगठन महापर्व अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र मेहता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करती है। सभी वर्ग, जाति एवं समुदाय का उत्थान ही पार्टी के सोच की केंद्र बिंदु है। सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के साथ-साथ विचारधारा से भी जोड़ें ताकि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें। उन्होंने मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगों को 8800002024 नम्बर पर मिस कॉल करवाते हुए उन्हें प्राथमिक सदस्य भी बनाया। उन्होंने भाजपा पार्टी से जुड़ने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्यों लोगों को इसकी प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए।



उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पलामू सांसद।

**खास बातें :** उन्होंने कहा भाजपा का सदस्यता महापर्व शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश की प्रगति को और तेज रफ्तार देने के लिए हमें इस संगठन को और सशक्त और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों को न सिर्फ प्राथमिक सदस्य बनने हेतु आह्वान किया बल्कि उपस्थित सैकड़ों लोगों को इसकी सदस्यता भी ग्रहण करवायी। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अजय तिवारी, वैद्यनाथ तिवारी अभिमन्यु तिवारी, ज्योति पांडेय, अजय सिंह, सुनील पांडेय, ईश्वरी पांडेय, संटू सिंह, छोटू सिन्हा, भोला पांडेय, मुखिया प्रभा देवी, शिव कुमार मिश्रा, अमर मिश्रा भी थे।

# पांकी विधायक ने तीर्थ यात्रियों को किया कई तीर्थ स्थल के लिए रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी /तरहसी।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के सगालीम पंचायत से तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रियों को रवाना किया। बताया गया कि यह तीर्थ यात्रियों का जत्था प्रयागराज महाकुंभ, बनारस, अयोध्या, वृंदावन, काशी और मथुरा जैसे पवित्र धामों का दर्शन करेंगे। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि इस बार के महाकुंभ का काफी महत्व है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐतिहासिक व्यवस्था कराया है। यह सनातन धर्म के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि इतना बड़ा आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी सनातनी परिवार के लोगों प्रयागराज महाकुंभ में स्नान जरूर करना चाहिए। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने तीर्थ यात्रियों के सुखद, मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, संतोष वर्मा, विरेन्द्र मेहता, गुड्डू जी, अशोक कुमार सिंह, चंचल देवी, उपेंद्र सिंह, शांति देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



तीर्थ यात्रियों को रवाना करते विधायक डॉ मेहता व अन्य।

# हार से विचलित न हों खिलाड़ी, जीत के लिए संघर्ष करें: आलोक चौरसिया

- पलामू ने बोकारो टीम को हराकर जीता स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** दिनकर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का भव्य रूप से समापन हुआ। समापन के दौरान फाईनल मैच बोकारो एवं पलामू की टीम के साथ खेला गया। मैच रोमांचक मोड़ लिया जहां दशकदीर्घा में बैठे हजारों लोग ने उत्साहवर्धन करते हुए मैच का मजा लिया। इस मैच में पलामू ने बोकारो को दो गोल से हरा कर ट्रॉफी पलामू टीम अपने नाम कर लिया। विधायक ने कहा कि जिस टीम को हमारे पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया ने खड़ा किया वह नाम रोशन कर रहा है। यह कार्यक्रम अनवरत जारी रखने में हमेशा विधायक सहायक बने रहेंगे और खिलाड़ीयो के लिए एक स्टेडियम बनेगा यह घोषणा करते हैं। दिनकर स्पॉटिंग क्लब ने स्व अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट के द्वारा उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा रही है।



# पलामू कप टूर्नामेंट युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर मंचः अभिमन्यु सिंह

- खेलों के विकास के लिए झारखंड सरकार प्रतिबद्ध : दीपक तिवारी
- झामुमो के युवा नेता द्वारा किया गया पलामू कप टूर्नामेंट का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा द्वारा जीएलए कॉलेज मैदान में आयोजित पलामू कप में आज दो मैच खेले गये। पहला मैच आर्यन डीसीसी और साउल टेकर के बीच खेल गया। आर्यंस डीसीसी टीम के बॉलर ऋषभ मैन ऑफ द मैच बने। इस टूर्नामेंट की अध्यक्षता सन्नी शुक्ला और संचालन सचिव आशुतोष विनायक ने किया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अभिमन्यु सिंह और इंडियन रोटी के बैंक के फाउंडर सह झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी मौजूद थे थे। मुख्य अतिथि समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने ऋषभ को मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं पलामू कप का दूसरा मुकाबला गुरहा इलेवन और गब्बर इलेवन के बीच खेला गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अभिमन्यु सिंह ने किया।



### चैनपुर महान क्लब ने कारसेवकों को किया सम्मानित



**चैनपुर पलामू।** महान क्लब ने सम्मान समारोह किया। श्रीराम जन्मभूमि के प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गंगा आरती, झांकी व कार सेवकों को सम्मानित किया गया। इसके मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया व भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह थे। क्लब अध्यक्ष अमित सोनी ने बताया कि कार सेवकों का सम्मान हम कभी नहीं भूलेंगे। मौके पर आनंद प्रसाद, कंचन सोनी, श्रवण प्रसाद, संजय प्रसाद, लालमणि प्रसाद, श्रवण प्रसाद, बिरेंद्र प्रसाद, जीतेंद्र प्रसाद, पप्पू चंद्रवंशी, नंदकिशोर गुप्ता मौजूद थे।

### बिना भेदभाव होगा क्षेत्र का विकास : नरेश प्रसाद



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के सेमरी कला गांव के नौडीहा में रविवार को कब्रिस्तान चहारदीवारी का शिलान्यास विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया। अध्यक्षता विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास व संचालन समाजसेवी हरिनाथ चंद्रवंशी ने किया। विधायक ने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के न्याय के साथ क्षेत्र का विकास किया जायेगा। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी। प्राथमिकता के आधार पर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विकास कार्य पहुंचाया जायेगा। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास जारी रहेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्र के धरोहर व वन पर्यावरण का प्रमुख अंग है युवा खेल, कला-संस्कृति : कौशल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर प्रखंड के चराई पंचायत अंतर्गत कोकरो गांव में कोकरो क्रिकेट क्लब के द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने विशिष्ट अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह चराई पंचायत मुखिया रविंद्र राम और झामुमो प्रखंड सचिव सनी कुमार के साथ बैटिंग कर औपचारिक उद्घाटन किया। डॉ कौशल ने दोनों कैप्टन को थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा दान कर एवं वहां उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलायी।

### पड़वा प्रखंड के सभी स्कूलों में 9:30 बजे होगा झंडोत्तोलन

**पड़वा पलामू।** गणतंत्र दिवस पर पड़वा प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में 26 जनवरी को सुबह 9:30 बजे झंडोत्तोलन होगा। जानकारी पड़वा बीडीओ सह सीओ डॉ अमित झा ने दी। बताया कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रातः 8:30 बजे, पड़वा थाना में 9 बजे, पड़वा के सभी बैंक 10 बजे, सभी पंचायत सचिवालय में 10:30 बजे झंडा फहराया जायेगा। बीडीओ डॉ अमित झा सभी संबंधित लोगों को ससमय एवं सम्मान पूर्वक झंडोत्तोलन करने का निर्देश दिया है।

## गरीबों की सेवा करना सबसे महत्वपूर्ण सेवा : श्रीराम शर्मा

- चैनपुर थाना प्रभारी ने गरीबों और जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के ग्राम कंकारी में कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीबों व जरूरतमंदों के बीच चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, दुबई ट्रेडर्स के मालिक मो हासिम, सोना महल के प्रोपराईटर धनंजय सोनी ने 30 कंबल बांटा। थाना प्रभारी ने कहा कि सामाजिक कार्यों में वे शुरू से ही लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के समृद्ध लोगों को भी गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा में आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अमीर लोग तो गर्म वस्त्र खरीद कर ठंड से बच जाते हैं लेकिन गरीबों को इस ठंड में काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ी पूजा है। धनंजय सोनी ने कहा कि आये दिन क्षेत्र में भ्रमण कर समाजिक कार्यों में हिस्सा लेते हैं।

### परीक्षा पर चर्चा पलामू के लिए वरदान : एसडीओ

- परीक्षा अनुशासन सफलता का प्रतीक : अभिषेक तिवारी



**सतबरवा पलामू।** राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी ने जूम एप से प्रायोजित ऑनलाइन मोटिवेशनल क्लास प्रत्येक शनिवार उपयुक्त सलाहकार कार्यक्रम की विशेष कड़ी परीक्षा पर चर्चा पलामू में भारतीय प्रशासनिक के सदर एसडीओ सुलोचना मीणा को आमंत्रित किया। मौके पर एसडीओ ने विद्यार्थियों को बताया कि मार्गदर्शन प्रक्रिया के अंतर्गत छात्रों में किसी विशिष्ट विषय ज्ञान को ग्रहण करने की योग्यता का विकास सुनिश्चित करना विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति रुचि उत्पन्न करना विषयवार तथा कमजोर विषय पर विशेष ध्यान केंद्रित करना तथा शैक्षणिक परिवेश या उद्दीपक का संपूर्ण महत्व आत्मसात करना परीक्षा के समय तर्क सहित उत्तर देना तथा भविष्य में किस क्षेत्र में कैरियर निर्माण करना है।

# ठाकुरबाड़ी श्रीराम दरबार का वार्षिकोत्सव मना, गोलू राजा के गीत पर झूम उठे श्रोता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के जैप मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर कोटखास में श्री राम दरबार का प्रथम वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। बताते चलें कि बीते वर्ष 22 जनवरी को ठाकुरबारी मंदिर में श्री राम दरबार का प्राण प्रतिष्ठा कराया गया था। वार्षिकोत्सव के मौके पर पंडित आशीष मिश्रा एवं भोलू मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण में प्रसाद का भी वितरण किया गया। साथ ही मंदिर प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें गायक गोलू राजा ने भोजपुरी संस्कृतिक एक से बढ़कर एक गाकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार धार्मिक हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, समाजसेवी अभिषेक सिंह, संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, पंचायत के मुखिया जूली सिंह, समाजसेवी राजन सिंह, मुखिया अरविंद शुक्ला, थाना प्रभारी राजू गुप्ता, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, महासचिव राम प्रकाश तिवारी ने किया।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**खास बातें :** कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के संरक्षक वशिष्ठ नारायण तिवारी, सत्येंद्र सिंह, विजय सिंह, शिव शंकर राम, गौतम सिंह, सुमित सिंह, अरविंद सिंह उर्फ मामा, नीरज राय, अमित सिंह, संदीप कुमार, अनिल सिंह, ओमप्रकाश सोंडिक, बालकेश पासवान, जयराम तिवारी, कमलेश तिवारी, नीरज प्रसाद, अनिल सिंह, छोटन दुबे, पिंटू कश्यप, संदीप विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण भी उपस्थित थे।

# किशन सिंह बने राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के सतबरवा प्रखंड के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/सतबरवा।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ की बैठक पंचायत सचिवालय रबदा के प्रांगण में शिवप्रसाद सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो व भरदुल सिंह की उपस्थिति में सतबरवा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक में बोहिता, दुलसुलमा, रेवारातू, घुटुआ, खामडीह मानसोती एवं रबदा पंचायत के चेरो समाज के महिला पुरुष प्रतिनिधि काफी संख्या में शामिल थे। बैठक का संचालन उपेंद्र सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने महासंघ पर विशेष चर्चा करते हुए मुख्य लोगों को जिम्मेवारी प्रदान किया। बैठक में अध्यक्ष किशन सिंह उर्फ देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष मनोज सिंह एवं प्रदीप सिंह, महासचिव उपेंद्र सिंह, सचिव राजाराम सिंह एवं सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, उप कोषाध्यक्ष मनोज सिंह, मीडिया प्रभारी अनिल कुमार सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी नीरज सिंह, सह सोशल मीडिया प्रभारी महेश सिंह, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजो देवी, महासचिव अनीता देवी को बनाया गया। संबोधन में वक्ताओं ने महापुरुष महाराजा मेदिनी राय जी के विचारधारा पर चलकर समाज में सामाजिक बदलाव लाने के लिए शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही समाज में सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने एवं एवं महापुरुषों के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में महाराणा प्रताप सिंह, रामेश्वर सिंह, सूचित नारायण सिंह, रविंद्र सिंह, शिव सिंह, विजय सिंह, उमेश सिंह, अरविंद, ठाकुरई, कमल सिंह, आसन देव सिंह, मनोरमा देवी थे।



# मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले को दी 1107 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

## 139 योजनाओं का किया उद्घाटन, कार्यारंभ एवं शिलान्यास

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में मधुबनी जिले को 1107 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 139 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्भाटन, कार्यारंभ एवं शिलान्यास किया। प्रगति यात्रा के क्रम में मधुबनी जिला के प्रखंड खुटौना स्थित ग्राम दुर्गीपट्टी। पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अमर शहीद रामफल मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिला अंतर्गत खुटौना प्रखंड के ग्राम दुर्गीपट्टी के वार्ड संख्या-14 में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों एवं शिक्षिकाओं से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे एवं शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। ग्राम दुर्गीपट्टी में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले में अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत कुल 926 बास भूमि विहीन परिवारों के बीच पर्चा एवं नवनियुक्त अमीनों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री ने स्टॉल निरीक्षण के क्रम में जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। जब हम सांसद थे और केंद्र में मंत्री थे तब विभिन्न जगहों पर जाकर हमने स्वयं सहायता समूहों के कामों को देखा था। राजकीय मध्य विद्यालय दुर्गीपट्टी के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से



विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री सुक्की गांव स्थित निरीक्षण स्थल पर पहुंचकर पुरानी कमला धार, जीवछ नदी, जीवछ कमला, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण की प्रस्तावित योजना का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस प्रस्तावित योजना से कमला बलान नदी के अत्यधिक पानी को सुखाड़ वाले इलाके में पहुंचाना है और बाढ़ अवधि में कमला बलान तटबंध के दबाव को कम करना है। साथ ही बाढ़ अवधि के समय नदी में आये अत्यधिक पानी को डायवर्ट कर बाढ़ के प्रतिकूल प्रभाव से जनजीवन को प्रभावित होने से बचाना भी है। इस योजना का उद्देश्य है कि सूखाग्रस्त इलाके में पानी पहुंचाकर खेती योग्य भूमि को अत्यधिक उपजाऊ बनाना है। इस योजना के पूर्ण होने से लगभग 10 हजार हेक्टेयर में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जल की उपलब्धता के कारण जलीय उत्पाद मखाना आदि के पैदावार में बढ़ोत्तरी होगी। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और मधुबनी एवं दरभंगा जिले के ग्राउंड वाटर टेबल के रिचार्ज में भी लाभ होगा। इस योजना की प्राक्कलित राशि 358.20 करोड़ रुपये है। इससे मधुबनी एवं दरभंगा जिले के 92 गांव लाभान्वित होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने झंझारपुर प्रखंड के अररिया संग्राम ग्राम के समीप सुगरवे बियर रिवरफ्रंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुगरवे नदी पर 1396.11 लाख रुपये की नदी तट विकास एवं सुरक्षात्मक कार्यों का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने सुगरवे बियर रिवर फ्रंट का निरीक्षण भी किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री एनएच 57 के पश्चिमी कोसी नहर के अंतिम छोर बिदेश्वर स्थान पर स्थित नहर के विस्तारीकरण हेतु प्रस्तावित योजना का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान रेखाचित्र के माध्यम से अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि उगनाद शाखा नहर का 33.63 किमी. लंबाई में एवं बिदेश्वर स्थान उप शाखा नहर का 21.34 किमी. लंबाई में विस्तारीकरण की योजना है। इससे मधुबनी एवं दरभंगा जिले के 80 गांवों को फायदा होगा और 26 हजार 879 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई के लिए लाभान्वित होगा। इस योजना की प्राक्कलित राशि 569.18 करोड़ रुपये है। स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे दरभंगा एवं मधुबनी जिले के किसानों को सिंचाई में काफी सहूलियत होगी।

## एक नजर में

### आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर 13 व 15 जनवरी को लगेगा कैम्प



प्रखंड कार्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय पर 13 व 15 जनवरी को आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है।

जानकारी देते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र के जो लोग भी अपना आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहते हैं या आयुष्मान कार्ड उनका किसी कारण से नहीं बन पा रहा है वैसे सभी लोगों के लिए 13 जनवरी और 15 जनवरी को प्रखंड कार्यालय भवन में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जो व्यक्ति भी आयुष्मान कार्ड बनाना चाहते हैं या उनका आयुष्मान कार्ड किसी वजह से नहीं बन पाया है वे सभी लोग अपना-अपना राशन कार्ड, आाार कार्ड, तथा बैंक खाता की छाया प्रति के साथ प्रखंड कार्यालय भवन में उपस्थित होंगे। उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा।

# ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी श रुम का उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** खरौंधी मोड़ के नजदीक पांडेय कम्प्लेक्स में रविवार को ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी शो रुम का उद्घाटन नंदकुमार पांडेय ने फीता तथा केक काटकर किया। मौके पर स्टोर मैनेजर ज्योति प्रकाश चौहान ने बताया कि बहुत ही खुशी की बात है कि भवनाथपुर में ओला कंपनी के द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटी का शो रुम खोला गया। कहा कि आठ वर्ष या एक लाख किमी की वारंटी है।

विभिन्न मॉडलों के इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध है। चार्ज के लिए किसी भी ओला के एजेंसी में किया जा सकता है।

मौके पर सुनील कुमार पांडेय, दिनेश दुबे, आलोक शर्मा, रामप्रवेश पांडेय, सुरेंद्र दुबे, विनय गुप्ता, संजय तिवारी, साक्षी पांडेय, शिवांश पांडेय, बसंत पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की

## समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने की कई महत्वपूर्ण घोषणायें

एजेंसी

**पटना।** प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के दौरान आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया, तब से बिहार की स्थिति बदली है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत की गई। वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना चलायी गयी। बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली, स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की जा रही है। नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से



सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है। पहले काफी कम संख्या में लड़कियां पढ़ने जाती थीं। लड़कियों को जब साइकिल दी गई तो वे स्कूल समय पर जाने लगीं और साथ ही शाम में अपने माता-पिता को भी बाजार ले जाती हैं, यह दृश्य काफी अच्छा लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 12हो गई है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। पीएमसीएच को 5,400 बेड का वर्ल्ड क्लास अस्पताल बनाया जा रहा है।आईजीआईएमएस का भी विस्तारीकरण किया जा रहा है। यहां पर 3,000 बेड की सुविधा होगी। हर घर नल का जल, हर घर पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचा दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, इसके तहत अब तक 4 चुनाव हो चुके हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं चुनकर आई हैं। हमलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए हर प्रकार से काम किया है। वर्ष 2013 में पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिसका नतीजा है कि बिहार पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है। वर्ष 2016 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया। बिहार में अब स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। हमलोगों ने बिहार में जाति आधारित गणना कराई जिसमें 94 लाख गरीब परिवारों को चिह्नित किया गया है, जो हर जाति से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मधुबनी जिले में विकास के कई कार्य किए गए हैं। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आईटीआई, सभी अनुमंडलों में आईटीआई, जीएनएम संस्थान, पारा मेडिकल संस्थान, जननायक कपूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण कराया गया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान



जागरूक करते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शहर के गढ़देवी मंदिर के समीप जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान मजदूरों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पीएलवी रामा शंकर चौबे ने मजदूरों के बीच बाल श्रम और बाल तस्करी के मामलों की जानकारी दी। वहीं पीएलवी सुधीर चौबे ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के निबंधन, विक्टिम कंपनसेसन की जानकारी दी। पीएलवी अरविंद तिवारी ने मजदूर के बीच सरकार के द्वारा चलाई जा रही बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी। पीएलवी केएन दुबे ने लोक अदालत और मयस्थता की जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# विकास डी की टीम बनी चैंपियन



ट्राफी प्रदान करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत प्रावि हरिजन टोला अधौरा के खेल मैदान में युवा क्रिकेट टूर्नामेंट अधौरा के तत्वावधान में खेले जा रहे टूर्नामेंट के खिताब पर विकास डी की टीम कब्जा जमाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम थे। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए विकास डी की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 142 रन का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। टीम के खिलाड़ी दानिश ने 59 रन अपनी टीम के लिए बनाए। जबकि घटहुआं टीम के खिलाड़ी संजय ने 3 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी घटहुआं की टीम ने 94 रन बनाकर अल आउट हो गयी। मैन ऑफ द मैच का खिताब दानिश को मिला जिसने 59 रन बनाए थे और 2 विकेट भी लिए। जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब घटहुआं टीम के खिलाड़ी पियूष को मिला। अंपायर की भूमिका सुरेन्द्र यादव व अभय कुमार ने निभाया। स्कोरर सिंटू कुमार थे। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नंद कुमार राम, इसराइल अंसारी, उमेश विश्वकर्मा, उमेश साह, राम यान राम, अविनाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अवैध डंपिंग बालू को अंचलाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक ने किया जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** सरकार के सख्त निर्देश के बावजूद भी मझिआंव एवं बरडीहा थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं के द्वारा प्रतिबंधित घाटों से चोरी छुपे बालू का उठाव कर भारी कीमतों में बेचने का काम किया जा रहा है।



जप्त बालू

इधर गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दवनकारा गांव के झनझनावा टोला में विशुनपुरा थाना से लगभग 700 से 800 मीटर की दूरी पर लगभग 50 ट्रैक्टर अवैध रूप से डंपिंग बालू को अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने जप्त किया। इस संबंध में अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से डंपिंग बालू को जप्त किया गया है। हालांकि बालू के अवैध कारोबारियों की पता नहीं चलने के कारण फिलहाल अवैध रूप से डंपिंग बालू को विशनपूरा थाना को देख रेख की जिम्मेवारी सौंपी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू कारोबारी की सूचना मिलते ही विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के कहा कि जो बालू डंप किया गया है उसे पता किया जा रहा है। उसे किसी हाल में बक्शा नहीं जाएगा और कार्रवाई जरूर किया जाएगा।

# बच्चों ने सतबहिनी तीर्थ स्थल का किया भ्रमण



भ्रमण करते बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** अवभूत भगवान राम नर्सरी इंग्लिश स्कूल के छात्र-छात्राएं रविवार को कांडी थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध सतबहिनी तीर्थ स्थल का भ्रमण किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने यहां प्रसिद्ध मंदिर देखने के साथ ही बच्चों ने पिकनिक में खूब मौज मस्ती की। स्कूल के प्रथम वर्ग से लेकर पांचवी कक्षा के छोटे छोटे बच्चों ने पिकनिक में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल के नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने सुप्रसिद्ध सतबहिनी मंदिर का भ्रमण किया। इसमें बच्चों ने मंदिर देखा और इसके बाद पिकनिक का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को इस तरह का आयोजन कर उन्हें भ्रमण करवाना भी आवश्यक है।

इससे बच्चों को एक दिन पढ़ाई को भूलकर मौज मस्ती करने का मौका मिलता है और इससे प्राचीन गतिविधियों से बच्चे अवगत भी होते है। मौके पर शिक्षिका किरण सिंह, सुषमा कुमारी, निधि कुमारी, रीमा कुमारी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सीनियर वर्ग में गोविंद और ज्ञान निकेतन लगातार दूसरी बार फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में गोविंद हाई स्कूल ने बीपीडीएवी को 36 रनों से हराकर वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन ने रामासाहू को 55 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल प्रवेश किया। पहले मैच में गोविन्द स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में इमरान के शानदार अर्धशतक 59 ओर गोलू के 27 रन के बदौलत पांच विकेट खोकर 145 रन बनाए। बीपीडीएवी की ओर से सत्यम ने तीन, प्रत्युष और विक्रांत ने एक एक विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी बीपीडीएवी निर्धारित ओवर में 109 रन ही बना पाई। बीपीडीएवी की ओर से प्रत्यूष ने 48 और विक्रांत ने 20 रन बनाए। वही दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचम्पा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में सात विकेट पर शुभम के 30 रन और प्रियांशु के 18 रन के सहारे 113 रन बनाए। रामा साहू की ओर से कार्तिक ने चार ओर अभिनव ने दो विकेट लिया। 114 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी रामा साहू की टीम दिव्य प्रकाश के 26 रन के सहारे निर्धारित ओवर में 59 रन ही बना पाई। ज्ञान निकेतन की टीम 55 रनों से जीतकर लगातार दूसरी बार



पुरस्कार देते एसडीओ संजय कुमार पांडेय और अन्य

फाइनल में प्रवेश किया। मैंन अफ द मैच का पुरस्कार गोविन्द के इमरान और ज्ञान निकेतन के शुभम को सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी दीपक, अनूप तिवारी, नवनीत शुक्ला, नितिन तिवारी, कमलेश कुमार दुबे, प्रिंस सोनी, प्रणव शंकर झा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मैच से पूर्व स्वामी विवेकानंद की जयंती मैदान में मनाया गया। मैच से पूर्व सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कम संसाधन में बेहतर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद अपने आदर्शों और विचारों के लिए भारत ही नहीं दुनियाभर में जाने जाते हैं। उनके विचार युवाओं को प्रेरित करने का काम करते हैं। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विवेकानंद जी ने कहा था, उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

# चिंता का विषय

दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृष : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8**

**मिथुन : लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5**

**कन्या : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7**

**तुला : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8**

**वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8**


**धनु : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6**

**मकर : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7**

**कुंभ : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6**

**मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9**

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान





**- रमेश धमोरा**

**भारत** में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है।

खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा संन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।

स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का अष्टाध्यायी व पातंजलि का महाभाष्याधायी का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था।

अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर संन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें, मैं यहां भजन सुनाऊंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन-

प्रभु मोरे अवगुण चित न धरो।

समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो

इसे सनुकर स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी संन्यास की तरफ उन्मुख हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया।

इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है, उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोग उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं।

> आज भी लोग उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं। शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये।

शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये।

सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये।

स्वामी विवेकानन्द जी ने एक बार कहा था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीतसिंह जी से उनकी भेंट नहीं हुयी होती तो भारत की उन्नति के लिये उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीतसिंह को समय-समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरणा देते रहते थे।

राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की जुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीतसिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। स्वामी जी के आग्रह पर राजा अजीत सिंह ने स्वामी की माता भुवनेश्वरी देवी को 1891 से सहयोग के लिये 100 रुपये प्रतिमाह भिजवाना प्रारम्भ करवाया था जो अजीतसिंह जी की मृत्यु तक जारी रहा। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में व मृत्यु 4 जुलाई 1902 को हुयी थी। इसी तरह राजा अजीतसिंह जी का जन्म 10 अक्टूबर 1861 में व मृत्यु 18 जनवरी 1901 को हुयी थी। दोनों का निधन 39 वर्ष की उम्र में हो गया था व दोनों के जन्म व मृत्यु के समय में भी ज्यादा अन्तर नहीं था। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है।

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए यह संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्रेत, समाज सुधारक, युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### एफडीआई से उम्मीद

भारत की विकास दर, सेंसेक्स की बढ़त, और राजनीतिक स्थिरता के बीच विदेशी प्रत्यक्ष निवेश बढ़ाने की संभावनाएं उजागर की गई हैं। 2025 तक एफडीआई बढ़ाने के लिए निवेश सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, और व्यापार माहौल में सुधार की आवश्यकता होगी। भारत के प्रमुख एफडीआई स्रोत मॉरीशस, सिंगापुर और अमेरिका हैं, और आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं बढ़ रही हैं।

**-अनिल कौशिक, चतरा**

### जागरूकता और तैयारियां

**बीते** मंगलवार तिब्बत में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई, जिसके झटके उत्तर भारत में भी महसूस किए गए। भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाएं यह सवाल उठाती हैं कि क्या विज्ञान के बावजूद इंसान प्रकृति के आगे कमजोर है। इतिहास में भी भूकंप से भारी नुकसान हुआ है।

**- रंधीर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**बेहतर** स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में झारखण्ड आगे बढ़ रहा है। एक गरीब, पिछड़ा राज्य होते हुए भी झारखण्ड ने हमेशा विपरीत परिस्थितियों में परचम लहराया है। हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**किसान** भाइयों से बहुत सार्थक चर्चा हुई है। मैंने किसान भाइयों के संवाद को अंतर्मन से सुना है। हमने गहराई से कई चीजों का अध्ययन किया है। किसान आगे बढ़ें और कृषि क्षेत्र की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए हम प्रयत्न करेंगे।

**-शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय मंत्री**

# क्या शिक्षा का अधिकार ऐसे ही सार्थक होगा?

**- राकेश दुबे**

**यदि** हमारे देश भारत के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निःस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है।

स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। देश में आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं, समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित

## शिक्षा

> दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। दूसरी ओर 53 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे?

करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें।

जरूरत इस बात की है कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं, दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। दूसरी ओर 53 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा?

विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है। ताकि स्कूल से निकलकर विद्यार्थी देश-दुनिया के साथ कदमताल कर सकें।

मंथन इस बात को लेकर भी होना चाहिए कि क्यों लाखों बच्चे स्कूलों की दहलीज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर क्यों छात्र स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ाई बीच में छोड़कर जा रहे हैं? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

# अन्नपूर्णा देवी: महिलाओं को सशक्त बनाना, बच्चों का पोषण करना उद्देश्य

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय:**

केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने राजस्थान के उदयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर का उद्घाटन किया

भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदलकर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, एक दृष्टिकोण जिसे ब्राजील ने 2024 में अपनी अध्यक्षता के दौरान मजबूती से समर्थन दिया: श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार 10-12 जनवरी, 2025 के दौरान उदयपुर, राजस्थान में चिंतन शिविर की मेजबानी कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन, केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री और राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दीया कुमारी की उपस्थिति में किया। इस शिविर में केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री और केंद्र और राज्यों के महिला और बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

## सामयिक





अपने उद्बोधन केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदलकर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, एक दृष्टिकोण जिसे ब्राजील ने 2024 में अपनी अध्यक्षता के दौरान मजबूती से समर्थन दिया।

विशेष संबोधन में महिला और बाल विकास राज्य मंत्री, श्रीमती सवित्री ठाकुर ने मंत्रालय की वर्तमान पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। इस शिविर में सहयोगात्मक चचाओं और अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से, हम सफल प्रथाओं को व्यापक स्तर पर लागू करने का लक्ष्य रखते हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री, श्री भजन लाल शर्मा, ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में इस आयोजन की मेजबानी पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान को इस परिवर्तनकारी आयोजन की मेजबानी पर गर्व है। यह चिंतन शिविर सार्थक संवाद और सहयोग का एक मंच है। हम राष्ट्रीय पहलों का समर्थन करने और अपने राज्य में महिलाओं और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने भी सभा को संबोधित किया और इस क्षेत्र में राजस्थान के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य ने हमेशा महिलाओं और बच्चों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। यह शिविर एक-दूसरे की सफलताओं से सीखने और मिलकर उज्जवल भविष्य बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

चिंतन शिविर में मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 जैसे प्रमुख पहलुओं पर केंद्रित सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, बाल पोषण और आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना है। इस दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सर्वोत्तम प्रथाओं की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनका उद्देश्य ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए नवाचारपूर्ण उपाय विकसित करना और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रभावी परिणाम हासिल करना है। यह चिंतन शिविर आगामी वर्षों में विकसित भारत के लिए मजबूत आधार बनाने की दिशा में सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा।

इस आयोजन का उद्देश्य गहन विचार-विमर्श और मुक्त संवाद के माध्यम से सरकारी पहलों को बेहतर बनाना है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं और नवाचारी दृष्टिकोण को शामिल किया जाएगा। यह चिंतन शिविर देश भर में महिलाओं और बच्चों के कल्याण को गति देने के लिए प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाने का प्रयास है।

## राधा गोविंद स्कूल के स्थापना दिवस और विवेकानंद की जयंती पर हुयी पूजा-अर्चना



रामगढ़। राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के मंदिर परिसर में रविवार को विद्यालय के 25 वां स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हुआ पूजा। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी तथा स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह ने 25 वें स्थापना दिवस पूरे होने पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक केएन सिंह ,शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर प्रसाद का वितरण



रजरप्पा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर बड़कीपोना दुर्गा मंदिर चौक परिसर में बजरंग दल ने प्रसाद का किया वितरण । समाजसेवी रमेश दांगी ने खिचड़ी, लड्डू, पूड़ी–सब्जी आदि का वितरण किया । दांगी ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम हमारी सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्र हैं। मौके पर समाजसेवी अमृत कुमार, विकास कुमार, मनोज पासवान, निशांत कुमार, रुपेश कुमार, अमित कुमार, शिवम कुमार, प्रेम कुमार, आशीष कुमार आदि धर्मप्रेमी मौजूद थे।

## उज्जवला फाउंडेशन ने बांटा शॉल



**कुजू।** विवेकानंद जी का युवाओं में अटूट विश्वास था। उनका मानना था कि युवा ही देश का भविष्य हैं। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। प्रजापति स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर मोतीराम कॉम्प्लेक्स में आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप शामिल थे। उन्होंने कहा कि अगर युवा जागरूक होंगे, तो देश प्रगति करेगा। उन्होंने कहा था कि 'तुम मुझे 100 युवा दो, मैं पूरे विश्व को बदल दूंगा।' मौके पर प्रकाश केशरी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन देवी, ललिता देवी, पिंकी देवी, रेखा देवी, यशोदा देवी, समित्रा देवी, गीता, संगीता, खुशबू, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

## लायंस क्लब ने किया भव्य भंडारा




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी रूपी प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा व अन्य थे।

## पंजाबी हिन्दू बिरादरी की लोहड़ी आज

रामगढ़। पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को सांझी लोहड़ी समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि सांझी लोहड़ी समारोह शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर प्रांगण में होगी। रात्रि 7 बजे माता वैष्णों देवी की महाआरती और 8 बजे बिरादरी के जिन सदस्यों के घरों में इस वर्ष शादियां या नवजात शिशुओं ने जन्म लिया है, वैसे दम्पतियों को माता वैष्णों देवी का आशीर्वाद बिरादरी के बुजुर्गों के कर कमलों से दिया जाएगा।

## सीसीएल कर्मी के आवास से 50 हजार सहित आठ लाख के जेवरात की चोरी




कुजू। कुजू बस्ती पुराना एनएच 33 के किनारे सीसीएल कर्मी अंकित पोद्दार के बंद आवास की ग्रिल काटकर शनिवार की रात चोरों ने नगद करीब 50 हजार रुपए, 8 लाख रुपए मूल्य के गहने व वाईफाई कैमरा भी चुरा लिया। सूचना पाकर पहुंची कुजू ओपी पुलिस ने घटनास्थल जायज लिया। भुक्तभोगी के अनुसार सीसीएल करमा में पदस्थापित अंकित पोद्दार कुजू बस्ती स्थित अपने आवास का ताला बंद कर सपरिवार देवघर गए हुए थे। अंकित पोद्दार के आवास में लगा वाईफाई कैमरा उनके मोबाइल से कनेक्ट था। देवघर में रात साढ़े 12 बजे तक उन्होंने अपने मोबाइल पर अपना आवास सुरक्षित देखा ।लेकिन इसके बाद वहां मोबाइल का टावर नहीं होने से उन्हें नोटिफिकेशन नहीं मिला ।रविवार की सुबह उन्होंने अपने मोबाइल पर कनेक्ट कैमरे में देखा कि उनके घर मे एक व्यक्ति मौजूद है।

# मुरपा जंगल में फिर पहुंची पुलिस

## गिरफ्तार आकाश करमाली को घटनास्थल लाकर की पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **7.62 एमएम का पिस्टल और जिंदा गोली बरामद**
- **राहुल तुरी का शव लेने अस्पताल पहुंचे परिजन**



**घटनास्थल पर एसपी अजय कुमार व अन्य।**

**कुजू।** रामगढ़ व हजारीबाग पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुरपा मनरेगा पार्क जंगल के पीछे आलोक गिरोह के सरगना आलोक जी उर्फ राहुल तुरी के मारे जाने के बाद रविवार की सुबह पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुँचकर छानबीन की।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात तक कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा बस्ती में सुनसान इलाके में भी छापेमारी चल रही थी। लेकिन अंधेरा होने की वजह से पुलिस को सर्च अभियान रोकना पड़ा। रविवार की सुबह से ही आकाश करमाली की निशानदेही पर एक बार फिर सर्च अभियान शुरू हुआ। हजारीबाग और रामगढ़ जिले के जिन स्थानों पर वह रुका था और जिन-जिन स्थानों पर हथियार छुपा कर रखा था उसकी जानकारी उसने दी है। फिलहाल मुठभेड़ के स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर 7.62 एमएम का पिस्टल और मैगजीन से जिंदा गोली बरामद की गई है। साथ ही राहुल तुरी के हथियार से चली गोली के खोखे बरामद किए गए हैं। हजारीबाग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में भी सर्च अभियान चल रहा है, लेकिन अभी तक वहां कोई सफलता हासिल नहीं हुई है। आकाश करमाली को भी साथ लाकर कैसे-कैसे घटना की ली जानकारी। ज्ञात हो कि शनिवार की दोपहर लगभग 2 से 3 बजे के बीच में रामगढ़ व हजारीबाग पुलिस के द्वारा पीछा कर मुरपा जंगल मे आलोक जी सरगना के राहुल तुरी का एनकाउंटर किया था। वही एक अपराधी आकाश करमाली को धर दबोचा था। जबकि एक अन्य अपराधी भागने में सफल रहा। मौके पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार, मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, दिगंबर पांडेय सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। मुरपा जंगल के पास हुए एनकाउंटर में मारे गए आलोक उर्फ राहुल तुरी व मौके से गिरफ्तार हुए अपराधी आकाश करमाली को दोबारा घटना लाया गया। साथ ही पूछताछ करने के बाद उसके द्वारा कौन से हथियार से गोली चलाने, कितनी बार फायरिंग किया गया आदि की जानकारी ली। पुलिस पदाधिकारियों को कहना था कि घटना स्थल पर अभी कई छोटे- बड़े सबूत सहित की जांच चल रही है। इधर राहुल तुरी का शव लेने के लिए अस्पताल में राहुल की माँ संगीता देवी, मामा, मौसी पहुंचे।

घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वायड भी पहुंचा। आलोक राहुल तुरी के पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत के बाद रामगढ़ उपायुक्त ने एक टीम गठन किया था। जिसके निगरानी में उसके शव का रामगढ़ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।

**तिवारी महतो ने पुलिस को दी बधाई :** विधायक तिवारी महतो रविवार को घटना स्थल पहुंचे। क्षेत्र को अशांत करने वाले अपराधियों का एनकाउंटर कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल किया है। इसके लिए रामगढ़ एसपी अजय कुमार व हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह सहित पुलिस पदाधिकारी बधाई के पात्र है।

# सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में 72 सवाल किये

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रामगढ़। सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति,

कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया। उक्त बातों की जानकारी खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ शहर के चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन सभागार में एक विशेष प्रेस- वार्ता का आयोजन कर जानकारी देते हुए कहा । साल के अंतिम समय में सांसद मनीष जायसवाल कोई बड़ी जिम्मेवारी मिली। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सारी बाद जिले और रामगढ़ जिले की 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए समर्थित प्रत्याशियों को जिताने का पार्टी ने जवाबदेही सौंपा। जायसवाल ने अपने कुशल प्रबंधकीय कला, ताबड़तोड़ सघन चुनावी दौरा, एनडीए कार्यकर्ताओं के बीच विशेष समन्वय व सीधा संवाद और मतदाताओं जुड़कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 5 में से 4 विधानसभा और हजारीबाग जिले के ा 5 में से सभी पांचों विधानसभा सीट पर जीत दिलाकर करीब 25 साल बाद एनडीए का शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रचने का कार्य किया। जिसकी प्रशंसा संगठन से लेकर जनता के जुबां पर है। हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय के तर्ज.पर जल्द ही रामगढ़ जिले की जनता के सुलभता के लिए रामगढ़ शहर में ही सांसद सेवा कार्यालय खोला जाएगा ।

## गरीब समाजसेवी संघ ने बांटा कंबल व चुड़ा-गुड

भुरकुंडा (रामगढ़) । गरीब समाज सेवी संघ भुरकुंडा ने रविवार को भुरकुंडा बाजार में गरीबों के बीच कंबल व चुडा गुड का वितरण किया। पप्पु सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से गरीबों के बीच कंबल व चुडा गुड का वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष मकर संक्रांति पर्व को लेकर चुड़ा गुड़ का भी वितरण किया गया। मौके पर गरीब समाज सेवी संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार, विनोद शाह, अजय सोनी, डॉ केसी दास, तिजराम, विजय कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जुबिली कॉलेज में मनी विवेकानंद की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में रविवार को एनएसएस इकाई एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जून कुमार मिश्रा ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद प्रभावशाली अध्यात्मिक आर्दश पुरूष थे।

## सोसाइटी फार ब्राईट फ्यूचर ने 50 गरीबों को बांटा कंबल



**भुरकुंडा(रामगढ़)** । सोसाइटी फार ब्राईट फ्यूचर के तत्वावधान मे रविवार को इस्लामिया उच्च विद्यालय में 50 गरीबों को बांटा कंबल। कंबल वितरण में पीडी सिंह, संतोष कुमार यादव, जानकी ठाकुर, विकास पांडेय, राहुल कुमार, संजय सिंह, प्रमोद यादव, सुबोध यादव, डॉ एसजे अख्तर, डॉ शकील अहमद, शमीम अहमद, नसीम अख्तर उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रफीक, इरफान, खुर्शीद अनवर, इकबाल, हबीब उल्लाह, नौशाद, जफरूल, हारुन, सुफियान का योगदान रहा। मौके पर अफसर अंसारी, कुंती देवी, सोभा देवी, अनिशा, मकसुद, शबनम, सुदामा देवी, मंगल मुंडा, खुशबू, हाशिम, सुनिता देवी, शबाना, रौशन, मोबीन, बेबी, आसींद व अन्य मौजूद थे।

## कायस्थ महासभा ने मनाया विवेकानंद की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। कायस्थ महासभा ने प्रधान कैफेटेरिया में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती धूमधाम से मनाया। एसपी कोठी के समीप स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय व युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बप्पी करण ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं मुख्य कार्यक्रम प्रधान कैफेटेरिया सभागार में आयोजित की गई। आर्ष कन्याओं ने लव-कुश लघु कथा मंचन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। बप्पी करण ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी व दर्शन पर प्रकाश डाला। मौके पर सनातन संस्कृति से जुड़े सिख समाज के जिला अध्यक्ष में अवतार सिंह, वैश्य समाज के राजेंद्र प्रसाद, ठाकुर समाज के अध्यक्ष छेदी ठाकुर, चंद्रवंशी समाज से अजीत कुमार, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव विजय किशोर प्रसाद एवं अमित कुमार, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, आशुतोष सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

**अमित सिन्हा हुए सम्मानित :** कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव बनने पर रामगढ़ के अमित कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया । साथ ही विजय किशोर प्रसाद को भी सम्मानित किया गया । अमित सिन्हा ने कहा कि सम्मानित होकर वे गौरान्वित महसूस कर रहे है। अपने लोगो के द्वारा प्यार सम्मान मिलना सबसे बड़ी बात होती है। युवा में असीम सकती है बशर्ते वे अपने सकती को पॉजिटिव चीज में लगाए।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष डी एन सहाय, सभाध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रधान, मुख्य वक्ता डॉ. विकाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ : चार महीने में 50 अपराधी गिरफ्तार

## एसपी अजय कुमार के खौफ से कई अपराधी जिला से भागे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार जब से रामगढ़ के एसपी बनकर आए हैं तबसे उनका अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। एसपी आमलोगो के लिए मिलनसार और मदद करने वाले हैं जबकि अपराधियों के लिए सख्त हैं। उन्होंने वैसे युवा जो किसी कारणवश आपराधिक गिरोहों में शामिल हो गए हैं उनसे अपील किया है कि वे अपराध छोड़ दें और समाज की मुख्य धारा से जुड़ जाएं। यही उनके लिए बेहतर होगा। कहा कि यदि अपराधी अपराध नही छोड़ते हैं तब बेहतर होगा कि वे राज्य छोड़ दें। नही तो जिला पुलिस अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। अजय कुमार जबसे रामगढ़ में एसपी के रूप में पदस्थापित हुए हैं तबसे जिले में आपराधिक गिरोहों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही। उनके सख्त तेवर के कारण रामगढ़ जिले में सक्रिय पांडे गिरोह और श्रीवास्तव गिरोह के कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उनके इस कड़े तेवर के कारण अपराधी उनके नाम से भी भयभीत होने लगे हैं। एसपी अजय कुमार के कार्यकाल में पिछले 4 माह मे 50 अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। वहीं, उनके भय से कई अपराधी रामगढ़ जिला छोड़कर भाग गये हैं। एसपी ने बताया कि पिछले सप्ताह 13 अपराधी गिरफ्तार किये गये। जिनमें से 11 पांडे गिरोह और 2 श्रीवास्तव गिरोह के हैं। उसके बाद पुनः श्रीवास्तव गिरोह के 4 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसपी ने अपराधियों से सुधर जाने की अपील करते हुए कहा कि अपराध का रास्ता छोड़ सुधर जाएं अपराधी। कहा कि यदि अपराधी ऐसा नही करते हैं तो पुलिस अपराधियों के विरूद्ध उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी अजय कुमार जहां अपराधियों के लिए सख्त हैं वहीं, आमलोगों के लिए मिलनसार और मदद करनेवाले हैं। उन्होंने आमलोगों से अपील किया है कि यदि लोगों को किसी तरह की परेशानी हो रही है तो वे उनसे मिलकर अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकते हैं। वे लोगों की समस्याएं दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे।



### एसपी ने शानदार गायकी से लोगों को करते हैं अचंभित

कुछ दिन पूर्व समाहरणालय के निकट आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रिलेक्स मूड में एसपी अजय कुमार ने अपनी गायकी के शानदार हुनर से उपस्थित लोगों को परीचित कराया। इस दौरान अपनी मधुर आवाज में एसपी ने कई गाने गाकर लोगों को अचंभे में डाल दिया।

## एक नजर में

## मुखिया रेखा देवी ने किया कंबल वितरण



टाटीझरिया । प्रखंड के डहरभंगा पंचायत भवन में मुखिया रेखा देवी ने गरीबों के बीच 120 कंबल का वितरण किया । मुखिया ने लाभुकों से आग्रह किया कि ठंड से बचाव को लेकर गर्म कपड़े का इस्तेमाल करें। लाभुकों ने कंबल पाकर सरकार को धन्यवाद दिया। मौके पर समाज सेवी रविंद्र यादव ,वार्ड पति संजय कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## तिरुपति गैस प्रोपराइटर के पिता का निधन

**बरही।** रविवार को तिरुपति भारत गैस के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर के पिता रामचंद्र ठाकुर का निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। रामचंद्र ठाकुर समाजसेवी के रूप में पहचाने जाते थे और वे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार बरही नदी के किनारे संपन्न हुआ। उनके निधन पर क्षेत्रीय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं ने गहरी शोक व्यक्त की है। उनके निधन पर विधायक मनोज कुमार यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर समेत सामाजिक व राजनीतिक कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन का भोज आज

**बरही।** मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के सौजन्य से केवाल गांव स्थित बिरहोर टोला में चूड़ा, दही, तिल और गुड़ का सामूहिक भोज होगा। भोज 12 :00 बजे से शुरू होगा, जिसमें आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाएं।

## धान की खरीद शुरू करायें सीएम : विधायक



**बरही।** विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर हजारीबाग जिले के किसानों की समस्याओं पर कार्रवाई का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में बताया है कि जिले में पैक्स और एफपीओ के माध्यम से धान की खरीद लगभग एक माह से ठप पड़ी हुई है। इस वजह से स्थानीय किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।विधायक ने कहा कि पैक्सों और एफपीओ द्वारा धान की खरीद बंद होने के कारण किसान अपनी उपज को बिचौलियों के हाथों कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि राइस मिलों द्वारा अभी तक एफसीआई को चावल उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके चलते पैक्सों के गोदाम भरे पड़े हैं।इस स्थिति में न तो पैक्स और एफपीओ धान खरीद पा रहे हैं और न ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।

## शिवपुर गड़लाही में क्रिकेट टूर्नामेंट एक फरवरी से

**बरही।** रेनबो स्कूल बरही एवं शिवपुर गड़लाही ग्रामीण के संयुक्त प्रयास से रेनबो ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला संस्करण 1 से 3 फरवरी होगा। इस प्रतियोगिता के आयोजक रेनबो स्कूल बरही एवं शिवपुर गड़लाही के ग्रामीण है। वहीं व्यवस्थापक के रूप में रेनबो स्कूल बरही में अपनी सहयोग प्रदान करेंगे। यह टूनार्मेंट क्षेत्र के उभरते हुए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका प्रदान करेगा। टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग लेंगी, जो नॉक–आउट फॉर्मेट में खेलेंगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए विशेष पुरस्कार रखे गए हैं, जिनमें झ्र प्लेयर ऑफ द सीरीज ?1500 के साथ ट्रॉफी, बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज 1000 के साथ ट्रॉफी, बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज: ?1000 एवं ट्रॉफी, उभरता हुआ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाएगा। विजेता टीम को 5000 एवं कप वहीं उपविजेता टीम को 3000 एवं कप से पुरस्कृत किया जाएगा।

## पिपरा में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

चरही। पिपरा के खेत में शनिवार रात ट्रैक्टर पलटने चालक की मौत हो गई। पुलिस पदाधिकारी राजमोहन महतो ने बताया कि ट्रैक्टर चालक कजरी निवासी राजकुमार गंझू पिता मधु गंझू खाली ट्रैक्टर को लेकर घर से निकला था।पिपरा स्थित चालक का संतुलन बिगड़ गया।और एक खेत मे जाकर उक्त ट्रैक्टर पलट गई।जिस कारण चालक दब गया।और उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई।चरही पुलिस को जानकारी मिलते ही रात में ही घटना स्थल पर पहुंचकर शव और दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में कर थाने में ले आई। रविवार को सरकारी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

## ग्राहक पंचायत ने मनाया समर्पण दिवस

हजारीबाग । विवेकानंद जयंती पर रविवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला इकाई ने समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए भारत मां को परम वैभवं पर ले जाने का संकल्प लिया गया । प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक और संस्कार भारती के पदाधिकारी डा. प्रहलाद ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर समर्पण दिवस समारोह प्रारंभ किया। संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद और युवा भारत की परिकल्पना बताया। कहा कि देश के युवा को आज सबसे ज्यादा युवा बनने और दिखने की जरुरत है। युवा दिवस पर समर्पण के नाते प्रत्येक दिन एक घंटा राष्ट्र कार्य और स्वयं के स्वास्थ्य पर खर्च करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। समर्पण कार्यक्रम में अभिषेक पांडेय, मो. एजाज, मो. फैज, महेश रविदास, रवि कुमार, अनुज सिन्हा,आशीष कुमार साव,शीतेश तिवारी,फैज अनवर,प्रदीप कुमार सिन्हा,अनिल कुमार,पुरुषोत्तम कुमार, सूरज कुमार, सागर कुमार, संजय विश्वकर्मा, मो. फैजल ,रुपांशू सहित अन्य शामिल थे।

## पुलिस और पब्लिक के बीच क्रिकेट मैच

**कटकमसांडी।** रविवार को कटकमसांडी खेल स्टेडियम में युवा दिवस के मौके पर पुलिस पब्लिक के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इस मौके पर थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार, एसआई बिरजा कुजूर, मनोज कुजूर, अशीष कुमार आदि के स्थानीय युवा खिलाड़ियों द्वारा रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन से पुलिस पब्लिक के बीच दोस्ताना रिश्ते भी कायम होता है। इस मैच को देखने के लिए दर्शकों की बड़ी उपस्थिति देखी गई।

## कोयला खदान संघर्ष समिति की बैठक



**बड़कागांव।** कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड मजदूर यूनियन की बैठक लँगातू में हुई, इसकी अध्यक्षता ओमकार शर्मा ने किया। केरेडारी के लोगों को कहना है कि एनटीपीसी सीएसआर फंड का उपयोग केरेडारी प्रखंड में नहीं किया जा रहा है। ऐसा करना उचित नहीं है और रित्विक और बिजीआर कंपनी जो माइनिंग कर रही है वह सरासर गलत तरीके से कर रही है। बीजीआर और ऋतिक ग्रामीण रैयत्तो को सही मुआवजा नहीं दे रही है रैयत और विस्थापितों के रोजी रोजगार नहीं दिया जा रहा है। मौके पर केंद्रीय महामंत्री ओंकार शर्मा, राज बीरेंद्र राज,गणेश तूरी,मीडिया प्रभारी संजय कुमार पासवान, प्रमोद कुमार, कुलेश्वर प्रजापति, किशन तूरी, सागर कुमार,विवेक कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## रश्मि प्रकाश बनीं झारखंड महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष



चतरा। राष्ट्रीय जनता दल ने रश्मि प्रकाश को झारखंड महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। यह घोषणा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की। रश्मि प्रकाश 2024 में चतरा विधानसभा की प्रत्याशी रह चुकी हैं। रश्मि ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे महिलाओं के अधिकार, सम्मान और उन्नति के लिए समर्पित रहेंगी। पार्टी ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने की उम्मीद की है। उनकी नियुक्ति पर राजद कार्यकताओं और जिला अध्यक्ष ने बधाई दी।

## प्रमुख ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



हंटरगंज (चतरा)। हंटरगंज प्रखंड की प्रमुख ममता कुमारी ने रविवार को सलैया पंचायत के पोस्तिया गांव में असहाय और गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों गरीबों को कंबल मिले, जिससे वृद्ध महिलाओं के चेहरों पर खुशी नजर आई। प्रमुख ममता कुमारी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वह पिछले तीन वर्षों से ठंड में कंबल वितरण कर रही हैं, ताकि गरीबों को सर्दी से राहत मिल सके। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य महेश यादव, निर्मल यादव, इंग्लिश यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसडीओ ने बलबल पशु मेले का लिया जायजा



गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के बलबल में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय अति प्राचीन पशु मेले का रविवार को सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज ने दौरा किया। उन्होंने मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मेला प्रबंधन समिति के साथ चर्चा की। एसडीओ ने श्रद्धालुओं और व्यापारियों के लिए सुरक्षा और अन्य सुविधाओं को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लोगों की हर जरूरत और सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मेला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता, सचिव निर्मल गोप, मुखिया जगदीश यादव, सुरेश यादव, उमेश यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## चतरा में राजद के सदस्यता अभियान का शुभारंभ



चतरा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सदस्यता अभियान की शुरूआत रविवार को जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता की मौजूदगी में सर्किट हाउस परिसर में की। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सत्यानंद भोगता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ा जाए और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए हर ब्लॉक में प्रभारी नियुक्त करने का सुझाव दिया। जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य कम से कम एक लाख नए सदस्य बनाने का है। कार्यक्रम में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी, 20 सूत्री अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर और प्रखंड स्तर के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव साझा किए।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

कुंदा। थाना परिसर में रविवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के निर्देश पर किया गया, जिसमें लोगों को मध्यस्थता, महिला उत्पीड़न, बाल अधिकार और अन्य कानूनी विषयों पर जानकारी दी गई।अधिकार मित्र अजीत कुमार ने बताया कि विधिक सहायता और जानकारी के लिए नालसा के नि:शुल्क नंबर 15100 पर कॉल किया जा सकता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रिंस कुमार, एसआई अनेश्वर सिंह और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### कोडरमा में आरपीएफ ने की बड़ी कार्रवाई

# अवैध शराब तस्करी मामले में चार गिरफ्तार

- पकड़े गये चारों युवक बिहार गया जिले के निवासी हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार के अनुसार तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह से कुछ संदिग्ध युवक कंधों पर बैग लेकर कोडरमा जंक्शन की ओर आ रहे थे। सूचना मिलते ही टीम ने कार्रवाई की और भागने का प्रयास कर रहे युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोनू कुमार पिता छोटू नारायण चौधरी, रवि रंजन कुमार पिता महेंद्र चौधरी, दीपक कुमार पिता उपेंद्र चौधरी और ध्यानचंद कुमार पिता महेश चौधरी सभी बिहार गया जिले के निवासी हैं। वहीं जांच में पता चला कि इन युवकों का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। बैग से मिला विभिन्न ब्रांड का शराब आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क अभियान के तहत जब्त की गई। इस कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों के बैग से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इस शराब को बिहार ले जाकर बेचने की योजना बना रहे थे। आरपीएफ ने सभी आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंपने की बात कही है। वहीं आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2024 में शराब पकड़ने में कोडरमा स्टेशन अव्वल रहा, अब तक शराब को लेकर आरपीएफ थाना में कुल 81 मामले दर्ज हुए हैं। जिसमें कुल छह लाख पांच हजार रुपए के शराब की जब्ती हुई है और 63 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया जा चुका है। इस मामले में कोडरमा पूरे धनबाद रेल मंडल प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आगे भी अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही चलती रहेगी।

## गांजा बेचने वाले दुकानदार को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप एक गुमटी में अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन के लिए एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित गुमटी में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान गुमटी से डब्बा सहित 115 ग्राम गांजा बरामद किया गया, साथ ही संतोष कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 17/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गई। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त 42 वर्षीय संतोष कुमार चौधरी पिता श्रीराम कुमार मडुवाटांड थाना तिलैया निवासी के रूप में पहचान की गयी। वहीं छापामारी दल में एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनय कुमार, निताई चन्द्र साहा, तिलैया थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जिले के 27 राजस्व उप निरीक्षकों को किया स्थानांतरण, दिये निर्देश

## हर हाल में 28 जनवरी तक योगदान करें

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न अंचलों के 27 राजस्व उप निरीक्षकों को स्थानांतरण किया है। इन सभी को नव पदस्थापित स्थल पर हर हाल में 28 जनवरी तक योगदान करने का निर्देश दिया गया है। कोडरमा अंचल से चंदन कुमार को मरकच्चो अंचल, तालेश्वर राम और रामदेव हांसदा को जयनगर, अनिल कुमार को सतगावां, रविन्द्र कुमार, हरेकृष्ण प्रसाद और अनमोल दीपक कुजूर को डोमचांच, जबकि डोमचांच अंचल से सुरेंद्र कुमार प्रसाद, मनोज कुमार यादव और मनीष कुमार को कोडरमा, मनीष कुमार को डोमचांच, राजीव रंजन को कोडरमा, मरकच्चो अंचल से अजित कुमार साव को कोडरमा, पंकज सिंह को चंदवारा, सनोज कुमार यादव को जयनगर, सतगावां अंचल से आनंद कुमार को कोडरमा, सुमित कुमार शर्मा को मरकच्चो, आलोक कुमार शर्मा को जयनगर, नीतीश कुमार को मरकच्चो, दिवाकर कुमार यादव को चंदवारा, मनीष कुमार की प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए सतगावां अंचल किया गया है। वहीं सुनील कुमार को सतगावां, चंदवारा अंचल से विशेश्वर पंडित को कोडरमा, प्रमोद सिंह को सतगावां, राजकुमार राम को कोडरमा, जयनगर अंचल से विजय कुमार सिंह को चंदवारा, धीरेंद्र कुमार को डोमचांच और रवीश रंजन को जयनगर अंचल से मरकच्चो अंचल में स्थानांतरित किया गया।

## शिव तारा सवि मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर गोष्ठी आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। स्थानीय शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के काफी संख्या में पूर्व छात्रों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जिन्होंने यहां से निकलने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त कर सरकारी या गैर सरकारी पदों पर आसीन हैं। यह विद्यालय के लिए काफी गौरव का विषय है। कार्यक्रम का उद्घाटन आए हुए पूर्व छात्रों के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, तत्पश्चात विद्यालय के बहनों के द्वारा स्वागत गीत गाए गए। अतिथि परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सिद्धि प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की भूमिका आचार्य ब्रजेश कुमार अनल ने रखा। वहीं मंच संचालन विद्यालय की आचार्या रिंकी सिंह द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित है, इसलिए उनकी जीवनी पर विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने प्रकाश डाला। वहीं प्रधानाचार्य अजय कुमार पाठक ने स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में पिता विश्वनाथ दत्त और माता भुनेश्वरी देवी के घर हुआ था। योग, राज योग और ज्ञान योग जैसे ग्रंथों की रचना कर स्वामी विवेकानंद ने युवा जगत को नई राह दिखाई, जिसका भारतीय जनमानस पर जबरदस्त असर हुआ और आगे भी युगों युगों तक इसका प्रभाव रहेगा।

मौके पर अभिषेक जैन, संतोष कुमार गुप्ता, मोहित कुमार, विकास जैन, अनुप्रिया, वैष्णवी, अनुराग कुमार, अनमोल कुमारी आदि मौजूद थे।

## सिमरिया में चला जोहार झारखंड संकल्प पदयात्रा अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। भाकपा माले प्रखंड कमिटी ने सिमरिया में जोहार झारखंड संकल्प पदयात्रा अभियान चलाया। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कमिटी सदस्य कॉ अशोक यादव व सरयू यादव ने किया।

इस पदयात्रा कार्यक्रम में जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने कहा कि जोहार झारखंड संकल्प पदयात्रा झारखंड के किसानो, मजदूरों, छात्र, नौजवानों के हक अधिकार के लडाई को मजबूत करने के लिए है। 22 जनवरी को श्रद्धांजलि सभा में मरकच्चो जाने का अपील किया गया। शहीद कामरेड रतन बर्णवाल, महेश यादव, अशोक सिंह के 21वां शहादत दिवस मरकच्चो के शहीद मैदान में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सरयू यादव, काली यादव, भुनेशवर सिंह, हरिहर दास, पूजा देवी, मीना देवी, सुलेखा देवी, मुनि देवी आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर निकली विशेष जागरूकता रैली

- हेलमेट पहन बाइक रैली में शामिल हुए एसपी, लोगों से की यातायात नियमों के पालन करने की अपील
- सड़क सुरक्षा में लापरवाही की हो सकता है यमराज से भेंट का नाटक प्रस्तुत कर लोगों को किया गया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत रविवार को एसपी अनुदीप सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा विशेष रैली निकाला गया। रैली में स्वयं एसपी श्री सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी हेलमेट पहन कर मोटरसाइकिल रैली में शामिल हुए। रैली विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आमजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के जरिये भी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया, जागरूकता रैली में पुलिस का जवान यमराज के वेशभूषा में दिखा। वहीं एसपी श्री सिंह ने कहा की राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से आमजनों को यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, विभिन्न थाना क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, शिक्षण संस्थानों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यह जरूरी है कि हम सभी यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करें, वाहनों चालकों के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है, इसी उद्देश्य को लेकर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जागरूकता रैली में यमराज के वेश में शामिल पुलिस जवान ने आमजनों को यह सन्देश देने का काम किया कि यदि वाहन चलाते समय नियमों की अनदेखी की तो यमराज से भेंट हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि लोग यातायात के नियमों का पालन नही करेंगे तो बाध्य होकर जागरूकता कार्यक्रम के बाद अभियान चलाया जाएगा और दोषियों से आर्थिक जुर्माना वसूलने के साथ-साथ अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। मौके पर कोटपा थाना प्रभारी सुजित कुमार, हिमांशु रंजन आदि मौजूद थे।

### चतरा जिला प्रशासन ने अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

# एक सप्ताह में 1,85,000 सीएफटी बालू जब्त, 10 लोगों पर केस दर्ज

- मयूरहंड में 1,35,000 सीएफटी अवैध बालू जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। जिला प्रशासन ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए मयूरहंड प्रखंड में 1,35,000 सीएफटी अवैध बालू जब्त किया। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर एसडीओ जहूर आलम और एसडीपीओ चतरा ने संयुक्त छापेमारी में यह कार्रवाई की। बालू का विशाल भंडारण सोकी पंचायत भवन के पास खाली जमीन पर पाया गया।

**एक सप्ताह में 1.85 लाख सीएफटी बालू जब्त :** पिछले एक हफ्ते में जिले के विभिन्न प्रखंडों में छापेमारी अभियान के तहत 1,85,000 सीएफटी से अधिक अवैध बालू भंडारण जब्त किया गया है। इस दौरान 5 ट्रैक्टर बालू भी जब्त किए गए। सिमरिया : 4,500 सीएफटी, टंडवा: 6,800 सीएफटी, लावालौंग: 2,200 सीएफटी, कान्हाचट्टी: 2,200 सीएफटी, हंटरगंज: 20,000 सीएफटी।

> ‘जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।’
>
> -रमेश घोलप, उपायुक्त, चतरा

**अवैध खनन रोकने पर सख्त निर्देश :** डीसी रमेश घोलप ने सभी खनन टास्क फोर्स को 24x7 छापेमारी अभियान चलाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कर्मियों और पदाधिकारियों के उदासीन रवैये की भी जांच कराने का आदेश दिया है। यदि किसी कर्मी या अधिकारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पत्थर खनन पट्टों की भी जांच जारी :** प्रारंभिक जांच में कुछ पत्थर खनन पट्टों पर स्वीकृत क्षेत्र से अधिक भूमि पर खनन पाया गया है। इस पर डीसी ने पांच सदस्यीय टीम बनाकर प्रशाखीय मापी का आदेश दिया है। दोषी पाए गए खनन मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एनटीपीसी परिसर में अवैध बालू भंडारण के मामले में दो कंपनियों पर केस दर्ज

चतरा। एनटीपीसी परिसर में 5,000 सीएफटी अवैध बालू के भंडारण के मामले में एसडीओ सनी राज की कार्रवाई के बाद दो सहयोगी कंपनियों, सिंघानिया कंस्ट्रक्शन और माता जानकी पर मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से कंपनियों और बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। राजद प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी के कुछ अधिकारियों के संरक्षण में लंबे समय से अवैध बालू भंडारण और तस्करी का काम चल रहा था, जिससे सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा था। उन्होंने कहा कि पहले भी अवैध बालू भंडारण पर मामला दर्ज हुआ था, लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, जिससे यह काम फिर से शुरू हो गया। नीरज तिवारी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि एनटीपीसी के उन अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाए, जो इस गोरखधंधे को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में संबंधित मंत्री से शिकायत करने और दोषियों को जेल भेजने की मांग की है। एसडीओ की कार्रवाई के बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नीरज तिवारी ने कहा कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो एनटीपीसी में अवैध कार्यों पर रोक लगाना मुश्किल होगा।

एक नजर में

## एसडीओ ने गिद्धौर के कई पंचायतों का दौरा कर अधिकारियों को लगाई फटकार



गिद्धौर। सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सनी राज ने रविवार को गिद्धौर प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय और बारिसाखी पंचायत के प्रतिनिधियों को लापरवाही के लिए जमकर फटकार लगाई। एसडीओ ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का सत्यापन किया और सेविकाओं के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि इस योजना में केवल पात्र परिवारों को ही जोड़ा जाए। उन्होंने पंचायत सचिव और जनप्रतिनिधियों को सफाई पर ध्यान देने का सख्त निर्देश दिया। पंचायत भवन के शौचालय और अन्य कमरों की गंदगी देखकर नाराजगी जताई। बारिसाखी पंचायत भवन में कंबल के भंडारण पर एसडीओ ने सवाल उठाते हुए कहा कि ठंड खत्म होने के बाद कंबल का क्या किया जाएगा। उन्होंने पंचायत सचिव और मुखिया को तुरंत कंबल वितरण करने का आदेश दिया। एसडीओ ने पंचायत भवन के निर्माण कार्यों की भी जांच की और ठेकेदार को निर्देश दिया कि काम एस्टीमेट के अनुसार हो और सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। पंचायत भवन की साफ-सफाई और दीवार के पास पौधे लगाने का भी निर्देश दिया। दौरे के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचलाधिकारी अनंत संयम विश्वकर्मा, बारिसाखी मुखिया सुमीरा कुमारी, मझगांवा मुखिया सरिता देवी, उपमुखिया विकास कुमार पांडेय, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध पोस्ता की खेती के मामले में सात गिरफ्तार



कुंदा। पुलिस ने अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दारी गांव के निवासी मुनारिक यादव (34), रोहित कुमार यादव (20), परमेश्वर गंझु (41), विनोद भारती (25), हरनाथ गंझु (35), प्रदीप कुमार यादव (22) और ब्रजेश यादव शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ कुंदा थाना में कांड संख्या 60/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों को चेतावनी दी है कि वे खुद अपनी अवैध खेती नष्ट कर लें, वरना एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई होगी।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित



टंडवा (चतरा)। स्वामी विवेकानंद जयंती और युवा दिवस के अवसर पर रविवार को चुंदरु धाम परिसर स्थित पुस्तकालय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक उज्जवल दास और विशिष्ट अतिथि ईश्वर दयाल पांडेय, भाजपा नेता सुनील कुमार चौरसिया, प्रमोद सिंह, महेश वर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विधायक ने स्कूली बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किताबें भेंट कीं और वृद्धों को कंबल वितरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इसके बाद संस्थान के कार्यकताओं ने भी वृद्ध महिलाओं और पुरुषों को कंबल वितरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिगुल प्रसाद गुप्ता, सुन्नी आर्या, जानकी महतो और अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विवेकानंद जयंती सह पूर्व छात्र परिषद् की गोष्ठी आयोजित



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व छात्र परिषद् सह विवेकानंद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन के साथ किया गया। वहीं पूर्व छात्र परिषद् के संयोजक पंकज कुमार सिंह सह संयोजक रितेश कुमार सिन्हा और कोषाध्यक्ष रोमी छाबड़ा उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने की। वहीं उन्होंने कहा कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान अपने पूर्व छात्रों को जोड़कर रखता है और उसका उद्देश्य पारिवारिक माहौल को बनाए रखना है। यहां के पढ़े हुए हर छात्र पढ़ने के समय हमारे भैया बहन थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। वहीं उन्होंने विद्या भारती का पूर्व छात्र पोर्टल से भैया बहनों को जोड़ने का आग्रह भी किया एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पूर्व छात्र परिषद की गोष्टी की प्रासंगिकता पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। मौके पर रामानुज पांडेय, प्रदीप कुमार, सोनी कुमारी, विजय कुमार मिश्रा, नवल कुमार, मनोज कुमार सिंह, दीपक विश्वकर्मा, प्रणव प्रभास, जितेश महतो, किशोर प्रसाद यादव, रितेश कुमार सिंह, केशव कुमार, सूरज सौरभ, पंकज कुमार, अनिमेष कुमार, सौरभ तर्वे, मास्टर रवि, आशादीप समेत कई लोग मौजूद थे।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती मनी




कोडरमा। बीआर. इंटरनेशनल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण से की गई। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय ने स्वामी विवेकानंद के विचार बी एंड मेक पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया एवं कहा कि हर छात्र को अपने भीतर की शक्ति को पहचानना चाहिए और खुद के साथ दूसरों को भी बेहतर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद का यह संदेश हमें आत्मनिर्भरता और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करता है। वहीं अकादमिक हेड मुक्तेश शर्मा ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े किस्से साझा किए और छात्रों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं शिक्षक विजय प्रकाश ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के साथ जुड़ी कुछ प्रेरणादायक बातें साझा कीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर सुनील कुमार, कमलेश कुमार राय, राजेंद्र कुमार, केदार कुमार, नागेंद्र सिंह, शिवम सिंह, तबारक अंसारी, आलम उद्दीन, अजय कुमार राणा, अमित सिंह, मनीष कुमार, इंद्रमणि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रूपा गुप्ता, अनीता कुमारी, आरती कुमारी, संध्या कुमारी, शाहिस्ता प्रवीण, प्रियंका सालूजा आदि मौजूद थे।

## जेपीएस की छात्रा श्रृष्टि का अंडर 19 क्रिकेट टीम में चयन



कोडरमा। झारखंड पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्रा श्रृष्टि सिन्हा पिता कुन्दन सिन्हा, माता वीणा सिन्हा ग्राम सलईडीह इंदरवा निवासी की पुत्री जो पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल-कूद में काफी रुचि रखती हैं। खास कर क्रिकेट में विशेष रुचि होने के कारण विद्यालय प्रबंधन ने उसके हुनर को निखारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, जिसका सुखद परिणाम है कि कोडरमा जिले से स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंडर 19 क्रिकेट टीम झारखंड में चयन हुआ है। यह जिले के साथ-साथ माता-पिता, झारखंड पब्लिक स्कूल, कोडरमा के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। वहीं प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी कोडरमा के उन सभी खिलाड़ियों के लिए उत्प्रेरक होगी जो अपने कैरियर खेल-कूद से संवारने में लगे हैं। वहीं खुशी जाहिर करते हुए झारखंड सामाजिक विकास न्यास के सचिव बैजनाथ यादव, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, गोविंद यादव, उप-प्रधानाचार्य रामलाल दास, राजू रंजन सिन्हा, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, मो. दानिश, मुन्ना स्वर्णकार, चंदन सिन्हा, सरयू यादव, राजेश यादव, देवनारायण यादव समेत अन्य लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

स्पीड न्यूज

## अवैध बालू का खेल जारी, पुलिस प्रशासन फेल

**लोहरदगा।** जिले में लगातार हो रही अवैध बालू खनन के खिलाफ करवाई जिसके बाद भी नहीं थम रहा बालू घाटों से अवैध बालू खनन का कार्य.. जिले के सदर थाना, सेन्हा, कुडू, भंडरा, कैरो थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन जोरो पर है। रात के अंधेरे में कई बालू घाटों से अवैध बालू का उठाव जोरो से चल रहा है.. जिले में कई प्रमुख घाट है जिसमें लगातार बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। आखिर किसके संरक्षण में पूरे जिले में अवैध बालू का खनन जोरो से चल रहा है एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में रात के अंधेरे में अवैध बालू खनन कर रहे ट्रैक्टर की वजह से लोगो का नींद हराम हो गया है और ट्रैक्टर चालक भी अपने गति पर कोई लगाम नहीं लगाते है जिससे दुर्घटना होने की भी कई जगहों पर संभावनाएं दिख रही हैं।

## विशेष कराटे ट्रेनिंग कैंप सह ग्रेडिंग परीक्षा का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** शहर के ललित नारायण स्टेडियम में एस.एस.स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन तथा शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय विशेष कराटे ट्रेनिंग कैंप सह ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें रेंसी श्रवण साहू ब्लैक बेल्ट छठवीं डॉन( जापान) कराटेकारों को नई कुमिते का टेक्निक बताए साथ ही एडवांस काता गोजुसिहो शो का विशेष प्रशिक्षण दिया। तत्पश्चात कराटे ग्रेडिंग परीक्षा भी हुआ जिसमें यश उरांव और आदर्श उरांव को ब्राउन बेल्ट द्वितीय क्यू से प्रथम क्यू , वहीं सानिया परवीन, प्रियांशु सिंह ब्राउन बेल्ट तृतीय क्यू से ब्राउन बेल्ट सेकंड क्यू, उमर अंसारी, मृगांक वैभव परपल बेल्ट से ब्राउन बेल्ट थर्ड क्यू , वहीं पर संतुष्टि महली को ब्लू बेल्ट से पर्पल बेल्ट , आराधना उरांव आदि उरांव, पायल नायक को आरेंज बेल्ट से ग्रीन बेल्ट सिपु कुजूर को यलो से ऑरेंज बेल्ट, चांदनी कुमारी ,अंशु कुमार, उमर राजा, अर्पिता कुमारी, जेनिथ मिंज, रिद्धि रानी ,अंश राज गुप्ता को व्हाइट बेल्ट से यलो बेल्ट प्रमोशन किया गया।

## गरीबों के बीच चेंबर ऑफ कामर्स ने किया कंबल वितरण

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा बढ़ते ठंड व कनकनी को देखते हुए रविवार को शहर के डिसनरी मुहल्ला में असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि चेंबर व्यापारिक हित के साथ साथ समाजिक कार्यों मे भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। गुमला के व्यापारियों एवम आम जानो से आग्रह करता हूं की सामाजिक कार्यों मे अपना सहयोग जरूर करे। इस अवसर पर फेडरेशन झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा की जीवन में दुख सुख लगा रहता है। हम सक्षम है तो निश्चित तौर पर एक कदम आगे बढ़ कर गरीबों का सहयोग कर सकते हैं और करना चाहिए। कंबल वितरण मे चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर द्वारिका मिश्रा उपस्थित थे।

### जय हनुमान ज्ञान गुण सागर से गुंजा आंजन धाम, एक साथ हजारों लोगों ने किया हनुमान चालीसा पाठ

# आंजन को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि दिलाना कार्यक्रम का उद्देश्य: दिवाकर




आंजन मंदिर में पूजा अर्चना के लिए लगी भीड़, पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते लोग




गीत प्रस्तुत करती महिला कलाकार व भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस के अवसर पर एक शाम आंजन धाम कार्यक्रम का आयोजन रविवार को आंजन धाम समिति के द्वारा राम भक्त हनुमान की जन्मस्थली आंजन में किया गया। इस अवसर पर हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गुंजता रहा। आंजन मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। वहीं कार्यक्रम का उदघाटन पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिविद पंडित दिवाकर पाठक, राष्ट्रीय संयोजक अरविंद मिश्रा, मुकेश कुमार सिंह, आदर्श मिश्रा, सुरेश मिश्रा आदि के द्वारा किया गया। वहीं कांशी के आचार्य के द्वारा भी पूजा करायी गई। जिसके बाद सामुहिक मुक्तकंठ से एक साथ हजारों लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। जय हनुमान गान गुण सागर के ध्वनि से आंजन धाम गुंज उठा। वहीं सुरेश मिश्रा व महावीर साहु ग्रुप के द्वारा संगीतमय सुंदर कांड का पाठ कराया गया। पूजा अर्चना के बाद सामुहिक आरती का भी आयोजन किया गया। युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भक्तों का दिन पर मंदिर परिसर में तांता लगा रहा है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिविद पंडित दिवाकर पाठक ने कहा कि आंजन धाम को विश्व प्रसिद्धि दिलाने के लिए लगातरी तीन वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका प्रभाव अब दिखने लगा है। कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिति से यह प्रतीत हो रहा है कि अब आंजन धाम को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने से कोई रोक नहीं सकता है। श्री पाठक ने कहा कि गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा जिले के सभी धार्मिक स्थलों को जोड़कर एक धार्मिक कोरिडोर बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। जिसे तीनों जिलों के धर्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में भी विकसति किया जा सकेगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद समीर उरांव, प्रभुराज सिंह, अमन आनंद, अमरेश कुमार झा, केडी सिंह, सूरज देव सिंह, अजय कुमार राणा, मुकेश सिंह, रविशंकर सिंह, सुनील सोनी, छोटेलाल भगत, सनोज वर्मा, सुशील पंडा, रंजीत सोनी सहित सैकडों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारों ने गीतों की प्रस्तुती कर लोगों को भगवान हनुमान की भक्ति व आस्था पर झूमने को विवश कर दिया। कलाकार अदिति राज ने भारत का बच्चा-बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा गीत की प्रस्तुती कर उपस्थित भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। अदिति के गीतों ने कार्यक्रम में ऐसा समा बांध की उपस्थित हर श्रद्धालु भक्ति की गंगोत्री में झूमकर डूबकी लगाते नजर आये। कर्ण प्रिय गीत के बोल सुनकर ही लोगों के पैर थिरकने लगे। एक शाम आंजन धाम कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गुमला, लोहरदगा, रांची सहित कई जिलों के लोग भंडारे में शामिल हुए। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए लोगों की लंबी कतार लगी रही। भंडारे में गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों के अलावे आंजन धाम के आस-पास के गांव के लोग भी शामिल हुए। भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर लोग संतुष्ट नजर आयें।

## एसपी ने किया कामडारा थाना का औचक निरीक्षण

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह के द्वारा रविवार को कामडारा थाना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बसिया, थाना प्रभारी कामडारा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में थाना सिरिस्ता में संधारित होने वाले सभी पंजी व अभिलेखों एवं संचिकाओं का अवलोकन किया गया। सभी पंजी व संचिकाओं का रख-रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। सीमावर्ती थाना प्रभारियों के साथ संपर्क स्थापित कर सक्रिय अपराध कर्मियों एवं पीएलएफआई उग्रवादियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान तेज करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। महिलाओं से संबंधित अपराध की रोक-थाम हेतु स्कूलव कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र के मुख्य चैक चैराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही थाना भवन, थाना परिसर एवं पुलिस कर्मियों के रहने वाले बैरक का भी निरीक्षण किया गया। बैरक में रहने वाले पुलिस पदाधिकारीव कर्मियों को अपने आस-पास साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया गया।

# डीडीसी ने खनन प्रभावित सेरेंगदाग के कई गांवों का किया दौरा, सुनी समस्या

### ग्रामीणों ने कहा कि वे झरना का पानी पीने को विवश हैं, डीडीसी ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** डीडीसी दिलेश्वर महतो ने खनन प्रभावित सेरेंगदाग के भैंसबथान और हाड़हापाट गांव का दौरा किया। इस क्रम में ग्रामीणों से मूलभूत सुविधा से संबंधित जानकारी ली। ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली व सड़क से संबंधित समस्या से डीडीसी को अवगत कराया। बताया कि पेयजल हेतु झरना के पानी पर आश्रित रहना पड़ता है। लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है।

जिस पर डीडीसी ने कहा कि जल्द ही आप लोगों को झरना का पानी को प्यूरीफाई कराते हुए पेयजल हेतु पानी आपके घरों तक उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सिंचाई हेतु भी पानी को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं भूमि संरक्षण पदाधिकारी को एस्टीमेट तैयार करने की बात कही। वही ग्रामीणों से राशन संबंधी पूछताछ भी किया। जिस पर चार से 5 केजी कम राशन देने की बात ग्रामीणों ने कही। जिस पर डीडीसी ने कार्रवाई की बात कही।



खनन प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते डीडीसी व अन्य

वहीं डीडीसी ने वॉटर शेड कार्य को देख खुशी जतायी। इसके बाद सेरका के मैलापाट में ग्रामीण से मुलाकात किया और प्राथमिक विद्यालय जो अधूरा भवन पड़ा था। उसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वाटरशेड, चना और सरसों के 91 हेक्टेयर में लगे खेती को देखा।

साथी बिशुनपुर में वाटर शेड और ड्रैगन फ्रूट खेती की तैयारी को देखा। साथ ही भूमि संरक्षण से बन रहे तालाब का निरीक्षण किया। जल जलछाजन के अध्यक्ष और सचिव से कार्य की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित लोगों में भूमि संरक्षण पदाधिकारी आशीष कुमार सिंह, बीडीओ सुलेमान मुंडा, जिला अनुश्रवण एवं निगरानी समिति के सदस्य अनिरुद्ध चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

मनुष्य का मन बहुत भटकता है जो तनाव का मुख्य कारण है: शांति दीदी

: प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया विवेकानंद जयंती

फोटो 9 में अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेते लोग

गुमला। प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला के घाटो बगीचा स्थित शाखा में स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था की संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जीवन एक बार कहा था कि मुझे पढ़ने का समय मिले तो मैं पढ़ने से कहीं अधिक मन को एकाग्र करने में समय दूंगा। उपरोक्त कथन से भाव यह है कि वर्तमान समय मनुष्य का मन बहुत भटक रहा है और भटकता मन आज तनाव का मुख्य कारण है। इस अवसर पर संस्थान में राम मंदिर स्थापना का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया और सभी को भगवान श्री रामचन्द्र के जीवन की कहानी बताई गई। अपने जीवन को श्री राम के जैसा बनाने की बात कही गई। इसी दौरान सभी ने संकल्प लिया कि हमें भारत में रामराज्य लना है और स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए भारत को स्वर्णिम बनाना है। पूरे भारतवर्ष में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया

एक नजर में

## भगवान शिव आदिगुरु-जगतगुरु है: दीदी बरखा आनंद



उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शिव गुरु महोत्सव का आयोजन स्थानीय समाहरणालय मैदान लोहरदगा में शिव शिष्य हरिन्द्रानंद फाउंडेशन, लोहरदगा के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनंद जी ने आओ, चलें शिव की ओर, शिव गुरु परक जिज्ञासाएं एवं समाधान विषयक पर लोगों को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिव जगतगुरु हैं, अतएव जगत का एक एक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिवप को अपना बना सकता है। शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिक अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। केवल विचार कि 'शिव मेरे गुरु हैं' शिव की शिष्यता की स्वमेव शुरूआत करता है। इसी विचार का स्थायी होना हमको आपको शिव का शिष्य है। उन्होंने कहा कि शिव गुरु हैं और संसार का एक-एक व्यक्ति उनका शिष्य हो सकता है। भगवान शिव गुरु हैं, आदिगुरु एवं जगतगुरु हैं। उन्होंने भगवान शिव का शिष्य होने के तीन सूत्रों को बताया। उपस्थित वक्ताओं के उनके जीवन से संबंधित प्रश्नों के भी विस्तारपूर्वक उत्तर दिया एवं जीवन के मूल्यों को बताया। आज सम्पन्न हुए विराट शिव गुरु महोत्सव में झारखंड के विभिन्न जिलों जिनमें लोहरदगा के अलावे लातेहार, पलामू, चतरा, रांची, गुमला, सिमडेगा एवं आसपास क्षेत्रों से श्रद्धालुगण व शिव शिष्य हरिन्द्रानंद फाउंडेशन से जुड़े शिष्य शिष्याएं मौजूद रहे।

## संविधान का सम्मान या रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है: केशव महतो कमलेश




पदयात्रा में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं कैरो प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान मार्च का आयोजन किया गया। पैदल मार्च नयाटोली कुम्हार बांध से कैरो होते हुए उतका बाजार टांड में समापन हुआ। अभियान मार्च मे मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,झारखंड सह प्रभारी डॉ बेला प्रसाद,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप बालमुचू,हिंदू न्यास बोर्ड अध्यक्ष जयशंकर पाठक,प्रदेश मीडिया प्रभारी सतीश पॉल मुंजनी,प्रदेश प्रवक्ता रियाज अंसारी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश के महान पुरुषों महात्मा गांधी डॉ भीमराव अंबेडकर या संविधान का सम्मान या रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता तो संविधान बदलने की बात करती है। सह प्रभारी डॉ बेला प्रसाद ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने ही आज हमें संविधान बनाकर दिया जिस पर भारत देश अमल करती है और हमें एकता अखंडता और समानता का अधिकार दिया। डॉ प्रदीप बालमुचू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता गृह मंत्री अमित शाह बाबा भीमराव अंबेडकर एवं संविधान पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं और उन्हें यह पता नहीं की संविधान के वजह से ही चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री बना। सभा का संचालन जिला अध्यक्ष सुखेर भगत एवं सभा समाप्ति प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद के द्वारा किया गया।

## शहीद पांडे गणपत राय स्मारक समिति की हुई बैठक



जयंती को लेकर बैठक करने पहुंचे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** अमर शहीद पांडेय गणपत राय के पैतृक गांव भौंरो में रविवार को स्मारक समिति की बैठक हुई। जिसमें आगामी 17 जनवरी को शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती समारोह भव्यता के साथ मनाने पर चर्चा हुई। स्मारक समिति की अध्यक्ष डॉ. वंदना राय ने स्मारक समिति से जुड़े सदस्यों से कहा कि शहीद पांडेय गणपत राय की 216वीं जयंती धूम-धाम से मनाई जाएगी। शहीद पांडे गणपत राय की जयंती हर वर्ष धूमधाम से मनाना है, पर इस वर्ष यह लोगों के लिए यादगार रहेगा। वंदना राय ने कहा कि इसमें सबकी भूमिका होनी चाहिए। सभी के सहयोग से ही जयंती समारोह को सफल बना सकते हैं। उन्होंने बताया की आगामी 17 जनवरी को आयोजित जयंती समारोह मे कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, स्थानीय विधायक सह मंत्री चमरा लिंडा, सहित कई अन्य अतिथि कार्यक्रम मे भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि देंगे. बैठक में शामिल स्थानीय ग्रामीणों व शहीद स्मारक समिति के सदस्यों ने अपने-अपने बातों को रखा। बैठक में जयंती समारोह के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा स्टॉल लगाने, परिसंपत्ति वितरण, अतिथियों को निमंत्रण भेजने, स्मारक स्थल का रंग-रोगन सहित कई बिदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर वंदना राय ने कहा कि शहीद स्मारक समिति के तत्वावधान में शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती समारोह का आयोजन भव्य रुप से करना है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी शहीद के कुर्बानियों को भूलते जा रहे हैं, जबकि उनके कार्य को आत्मसात करने की जरूरत है। जयंती समारोह को सफल बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है। बैठक में मुखिया सुमन्ति तिग्गा, जगजीवन उरांव, अख्तर अंसारी, प्रकाश प्रजापति, लालदेव प्रजापति, हुमान साहू, सुभाष साहू, उमेश प्रजापति, ईश्वर साहू, परमानंद प्रजापति सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# हमें भगवान राम के आर्दशों और वचनों पर चलने की आवश्यकता है : धीरज साहू

### सामूहिक हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन के साथ भव्य भंडारे में शामिल हुए सैकड़ों लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर में एकमात्र श्रीराम मंदिर फुलवारी में जय मां दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले अयोध्या में स्थापित राममंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। यहां श्रीराम मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की संयुक्त प्रतिमा स्थापित है। जहां ऐसे तो प्रतिदिन पूजा अर्चना होती है। परंतु शनिवार को वर्षगांठ की खुशी पर सुबह से शाम तक अलग अलग आयोजन किए गए। इस क्रम में सुबह 10 बजे से नीरज पांडे और आनंद पांडेय की अगुवाई में सुंदरकांड पाठ, सामूहिक हनुमान चालिसा पाठ के बाद देर शाम तक भजन कीर्तन का दौर चला। इस बीच साहू परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, उदय गुप्ता, लालमोहन केशरी, शंभूनाथ केशरी, कमल केशरी, मनीष साहू, कैलाश नाथ केशरी सहित अन्य समिति के वरिष्ठ लोग भी पहुंचे। जिन्होंने सर्वप्रथम यहां स्थापित भगवान राम की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की। पुरोहित गोपाल पांडे की अगुवाई में पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। इसके बाद समिति सदस्यों द्वारा अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मान दिया गया। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं। हमें उनके आदर्शों और वचनों पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर दोपहर से भव्य भंडारी का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम स्थल पर देर शाम तक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में व मुख्य रूप से उपस्थित लोग में महावीर ओझा, अजय घोष, आनन्द पांडे, दिनेश पांडेय, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा, सुमित घोष, अनिकेत कुमार, जयजीत चौबे, माणिकचंद कच्छप, हरि कच्छप सहित अन्य का सहयोग रहा।




पूजा अर्चना करने पहुंचे धीरज साहू व कीर्तन करते लोग

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## नेतरहाट में जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# सरकार ने हर वर्ग के व्यक्ति के लिए बनाई है लोक कल्याणकारी योजना

➲ जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम में विभिन्न शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** रविवार को जिले के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय, नेतरहाट में जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जन प्रतिनिधियों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से आज पूरा जिला प्रशासन यहां उपस्थित है। जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा योजनाओं के लाभ हेतु आवेदन प्राप्त करने हेतु स्टॉल लगाया गया है। उन्होंने आमजनों से कहा कि विभागों के द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें। आज के कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज हो रही हैं उनका निराकरण त्वरित गति से करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसमें किसी भी दशा में कोई विलंब न किया जाए। उन्होंने कई समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण कर अधिकतर समस्याओं के संबंध में दो एवं तीन दिन के भीतर कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से जानकारी जिला कार्यालय एवं संबंधित शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी प्रकार से कोई ढिलाई न बरती जाए। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों को प्रदान करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाने की अपील किया। उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक के द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया।कृषि विभाग के द्वारा एनएफएसएम योजना अंतर्गत स्प्रे मशीन, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत साड़ी एवं धोती, मनरेगा से जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र, स्कूली छात्र छात्राओं को पोशाक,स्वास्थ्य विभाग के द्वारा वृद्ध देखभाल एल्डरली केयर अंतर्गत वाकर स्टिक वितरित किया गया। जरूरतमंद के बीच गर्म कपड़े और कंबल का भी वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं का गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।कार्यक्रम में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, जनप्रतिनिधि एंव अन्य उपस्थित थे।

# केपीआईएल ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चलाया जागरुकता अभियान



लोगों को जागरूक करते सुबोध कु.सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को फूलमाला पहनाकर किया गया जागरूक

**बरवाडीह।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के तहत बरवाडीह में एक जागरुकता अभियान का आयोजन किया। केपीआईएल के सेफ्टी इंचार्ज सुबोध कु सिंह के नेतृत्व में इस अभियान की शुरूआत भगत सिंह चौक से की गई, जो मुख्य मार्ग होते हुए अंबेडकर चौक बस स्टैंड तक गई।इस दौरान सुबोध सिंह ने ध्वनि यंत्र के माध्यम से लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया। उन्होंने बताया वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, नशा करके गाड़ी न चलाने और हेलमेट पहनने के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में मौजूद बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। कंपनी के सेफ्टी इंचार्ज सुबोध कु. सिंह ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना न केवल अपनी बल्कि दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को फूलों की माला पहनाकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया, जबकि हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को टॉफी देकर सम्मानित किया गया। अभियान के अंत में सेफ्टी इंचार्ज सुबोध सिंह ने बरवाडीह थाना प्रभारी व उनकी टीम को उनके सहयोग और सड़क सुरक्षा अभियान में योगदान के लिए सम्मानित किया।

वहीं स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर राजन अधिकारी, राहुल सिंह, केशव कुमार, श्रीनिवास जैना, चंदन कुमार, सत्येंद्र शर्मा, रंजन कुमार, रामनिवास, प्रशांत जैन, ताराकांत और कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड के सैकड़ो कर्मी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### बकाया होल्डिंग जल्द जमा करें होल्डिंग धारी, 50 नए होल्डिंग धारी को नोटिस निर्गत



पुन:असेसमेंट करते अधिकारी।

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार अंतर्गत बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि वसूली करने में तेजी लाई गई है। विगत तीन दिनों से नगर पंचायत के नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, कनीय अभियंता अमित कुमार, स्पैरो की टीम लीडर आदित्य कुमार एवं बिरसा उरांव के द्वारा सूचीबद्ध करते हुए बकाया होल्डिंग राशि के घर मालिकों के घर में पहुंचकर राशि वसूली की जा रही है तथा जिन होल्डिंग धारकों के द्वारा अपने घरों का गलत असेसमेंट किया गया है उनका पुन :असेसमेंट करते हुए राशि वसूली की जा रही है। बिगत तीन दिनों में ढाई लाख रुपए की होल्डिंग की राशि वसूली की गई है। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। साथ ही साथ 50 नए होल्डिंग धारी को नोटिस निर्गत किया गया है।होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर संबंधित का अकाउंट फ्रीज तथा पानी कनेक्शन भी काटा जा सकता है तथा म्युनिसिपल सेवाओं से वंचित रखा जा सकता है। जिन लोगों के द्वारा अभी तक होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया गया है या फिर अपने घरों का असेसमेंट नहीं कराया गया है वे अभिलंब नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क स्थापित करते हुए होल्डिंग टैक्स की राशि जमा करना सुनिश्चित करेंगे तथा भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचेंगे। उपयुक्त जानकारी नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने दी।

### साइकिल से गिरकर बच्चा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चेताग मुख्य पथ पर सोमवार को साइकिल से गिरकर एक 6वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुंदन कुमार यादव 6 वर्ष पिता धनेश्वर यादव ग्राम चेताग निवासी बालूमाथ से साइकिल बनवाकर वापस अपने घर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते मे साइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उसका बायां हाथ टूट गया। घटना के बाद आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां बच्चे का प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया वही उसकी गंभीर स्थिति देखते हुवे उसे बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### कीटनाशक खाकर की आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा ग्राम में दो बहनों के बीच हुए विवाद में एक किशोरी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसकी पहचान अनीता कुमारी 14 वर्ष पिता रामजी भुइयाँ ग्राम दाढा थाना बारियातु के रूप में हुई। जिसे गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा ईलाज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अनिता कुमारी और उसकी बहन के बीच खाना बनाने को लेकर किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ। जिसके आवेश में आकर अनिता कुमारी ने कीटनाशक दवा खा लिया। फिलहाल किशोरी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन



माल्यार्पण करते छात्र।

**लातेहार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बनवारी साहू महाविद्यालय परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम मानसी कुमारी, द्वितीय सेजल कुमारी, तृतीय प्रतिमा कुमारी एवं सांत्वना पुरस्कार मैहर आरा को दिया गया।

## मनरेगा योजना में सरकारी धन राशि का किया जा रहा है बंदरबांट

# लाभुक के बिना जानकारी के हो रहा है ईसीबी कार्य

➲ बिचौलिए एवं रोजगार सेविका की मिली भगत से किया जा रहा है कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड में मनरेगा कार्यों में भारी लूट मची है। मनरेगा द्वारा चल रहे काम को पूर्ण बताकर पैसों की निकासी हो रही है। बिचौलिया ऐसे काम को पदाधिकारियों के कुर्सी के नीचे से निकाल ले रहे है। लेकिन इसके बारे में पदाधिकारियों को भनक तक नहीं लग रही है। हम प्रखंड के जालिम खुर्द पंचायत के बारे में ही बात कर रहे हैं। जालिम खुर्द पंचायत के सबानो गांव के लाभुक हीरामन अगरिया वर्क आर्डर नंबर 3406001012/आईएफ/708090 3546897 और लाभुक धीरेंद्र



जानकारी देते लाभुक धीरेंद्र अगेरिया।

अगरिया वर्क आर्डर नंबर 3406001012/आईएफ/708090 3546892 इस विषय में हमें कोई जानकारी नहीं है। धीरेंद्र अगरिया ने बताया कि मेरे नाम से इसीबी चल रहा है इस विषय में हमें कोई जानकारी नहीं है, धीरेंद्र अगरिया ने आगे बताया कि 1 साल पहले अपने जमीन पर टीसीबी का कार्य किए थे। इसके बाद नहीं किए हैं। इस तरह के पंचायत में कई लाभूक है जिन्हें अपने योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं। योजना स्थल का जांच रोजगार सेविका उषा देवी के द्वारा किया जाता है। बिना स्थल जांच किए ही ईसीबी जैसे योजना बिचौलियों के मिली भगत से किया जा रहा है। जिस प्रकार से जियो टैग रोजगार सेविका द्वारा किया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि रोजगार सेविका की मिली भगत से ही इस तरह के घीनोने कार्य किया जा रहे हैं। योजना स्थल का जांच नहीं होने के कारण बिचौलियों द्वारा जैसे तैसे ईसीबी का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में रोजगार सेविका उषा देवी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

### ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग।

**चंदवा।** ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 के अन्तर्गत प्रखंड के सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जाने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हो गया। रविवार को तीसरे दिन मास्टर प्रशिक्षक सत्यानन्द शुक्ला, रितेश कुमार एवं जेएसएलपीएस बीपीएम के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कई अहम जानकारियां दी। पहले दिन से तीसरे दिन में मास्टर ट्रेनर द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए 9 विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जीपीडीपी प्रक्रिया, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट, सामाजिक एवं संसाधन मानचित्र, पीडीआई, महिला/बाल सभा आयोजन, एसबीएम 15वें वित्त आयोग, मनरेगा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गौरतलब हो कि प्रखंड के साँसग, चेटर, सेरक, बारी, बरवाटोली व लाधुप पंचायत के सहजकर्ता दल को प्रशिक्षण कार्य कराया जा रहा था। प्रशिक्षण के उपरन्त ऑनलाइन सर्टिफिकेट का भी वितरण किया गया। मौके पर रोजगार सेवक शिव कुमार के अलावे पंचायत व ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि समेत कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### दामोदर घाटी निगम में सीएसआर कार्यक्रम के तहत नेवाड़ी ग्राम पंचायत में कंबल का वितरण



कंबल वितरण के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान द्वारा शनिवार को नेवाड़ी ग्राम पंचायत में कम्बल का वितरण किया गया। उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार ने बताया कि डीवीसी ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के माध्यम से कंबल का वितरण किया है। बढ़ते शीतलहरी ठंढ में यह कम्बल जरुरतमंद ग्रामीणों को ठंढ से राहत प्रदान करेगा। इसी उदेश्य से ग्रामीणों के बीच लगभग 200 कंबल का वितरण किया गया है। श्री कुमार ने आगे बताया कि डीवीसी ने जरुरतमंद व्यक्तियों खासकर बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यंगों और बेसहारा व्यक्तियों के बीच कम्बल वितरण प्रारंभ किया है। डीवीसी के इस प्रयास से ग्रामीणों के बीच काफी हर्ष है। ग्रामीणों ने डीवीसी के इस प्रयास के प्रति आभार जताया है। कम्बल वितरण के दौरान मौके पर पंचायत के मुखिया अमरेश उरांव, उप महाप्रबंधक एलेग्जेंडर कुजूर, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) संजीव कुमार, सहायक प्रबंधक (आईटी) फैसल नवाज एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नेहरू युवा केंद्र के तत्वधान में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**बारियातू।** नेहरू युवा केंद्र लातेहार के तत्वाधान में जय बजरंग युवा क्लब द्वारा ज्ञानतारा क्लासेस बारियातू मे राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रमेश राम विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी लाल आशीषनाथ शाहदेव, स्वयंसेवी अभिषेक कुमार व कोचिंग के डायरेक्टर रविकांत सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एमवाई स्वयं सेवी कुमार ने स्वामी जी के जीवन पे प्रकाश डालते हुए कहा कि 11 सितंबर 1893 को अमेरिका के शिकागो में धर्म सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा था की मेरे अमेरिका के भाइयो बहनों इतना कहते ही पूरी सभा में तालियों की गड़गड़ाहट से गूँजने लगी इस प्रकार स्वामी जी ने विश्वबंधुत्व के भाव, भारत की ज्ञान परंपरा का लोहा विश्व में मनवाने का काम किया था। हम सभी युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर अपने अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

### पोस्ता की खेती को स्वयं नस्ट करें : थाना प्रभारी



नष्ट करती पुलिस।

**बारियातू।** पुलिस ने रविवार को एक विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालूभांग चतरा जिला के सीमावर्ती अमानत नदी के किनारे गैरमजरूआ भूमि में लगे अलग-अलग प्लॉट में अठारह एकड़ अवैध पोस्ता की फसल को नस्ट किया है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बातया की बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की मिली गुप्त सुचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी के नेतृत्व मे एक विशेष छपामारी दल का गठन किया गया। जिन्होंने बालूभांग ग्राम स्थित अमानत नदी के किनारे विभिन्न गैरमजरूआ भूमि मे 18 एकड़ अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर एवं पुलिसकर्मियों द्वारा डंडा से पीटकर विनष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा की आगे लगातार करवाई जारी है। पोस्ता करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है। जिसमें से कुछ सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम-भुतहा के व्यक्ति भी शामिल हैं।पोस्ता खेती करने वाले की पहचान की जा रही है। सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पोस्ता की खेती करने वालों को चेतावनी है कि स्वयं ही पोस्ता के फसल को विनष्ट कर दें .पुलिस के द्वारा विनष्ट किए जाने पर अनिवार्य रूप से नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और नियम संगत दोषियों को अविलंब कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार की जाएगी। छपामारी दल मे थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### धनबाद में आयोजित दो दिवसीय झारोटेफ के राज्य स्तरीय बैठक में लातेहार के टीम ने लिया भाग

**लातेहार।** झारोटेफ की प्रांतीय कमेटी की बैठक धनबाद के द रीट रिसोर्ट में दो दिवसीय 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो विधायक सह सचेतक मथुरा महतो ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में लातेहार जिला से जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजीव कुमार चंद्र, प्रखंड सचिव दिलीप कुमार सिंह ने भाग लिया। इस बैठक में सर्व सहमति से सरकार स्तर से तीन प्राथमिक मांगों कि जल्द पूर्ति हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें अन्य राज्यकर्मियों की भाँति शिक्षकों को भी एमएसपी का लाभ दिया जाए। कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति का उम्र 62 साल हो, जन सेवक सभी लिपिक संवर्ग चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के एकीकृत लिपिक नियमावली एवं अन्य समस्याओं का निदान हो, अन्य मांगों में केंद्रीय कर्मचारियों की भांति झारखंड सरकार के कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता परिवहन भत्ता दिया जाए। शिक्षकों को भी सीमित सेवा परीक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान की जाए। वर्तमान में होने वाली अवर शिक्षा पदाधिकारी की नियुक्ति में शिक्षकों को आरक्षण प्रदान की जाए। वहीं विधायक ने कहा कि आप सभी की मांगों को झामुमों के घोषणा पत्र में रखा गया है और जल्द आप सभी के मांगों को पूरा करने हेतु सरकार स्तर पर रखूंगा और पूरा कराऊंगा। इस बैठक में प्रांतीय महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन कुमार, प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू, पंकज कुमार सिंह, जय होरो, बृजमोहन यादव, सुनील कुमार सहित सभी जिला के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# अभाविप ने स्वामी विवेकानंद की जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर निकाला शोभायात्रा

➲ छात्र की भविष्य का सुरक्षा और आपकी सुरक्षा करना प्रशासन की जिम्मेवारी: दुलड़ चौड़े

खबर मन्त्र संवाददाता



शोभा यात्रा में शामिल छात्र।

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा एवं छात्र सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ बाजार ताड़ से होकर लातेहार के सड़क मुख्य मार्ग होते हुए जिला मुख्यालय से होते हुए स्टेडियम के मैदान में छात्र सभा का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार सदर के थाना प्रभारी दुलार चौड़े उपस्थित हुए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव, प्रदेश कार्यकरणी नागमणि यादव, नगर मंत्री मुकेश यादव, कमलेश उरांव एवं सैकड़ो एबीवीपी के कार्यकर्ता ने भाग लिया। शोभा यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम, स्वामी जी का क्या संदेश सबसे सुंदर भारत देश, कश्मीर हो या गुवाहाटी अपना देश अपना माटी, खून भी देंगे जान भी देंगे देश का माटी कभी नहीं देंगे एवं वीर स्वतंत्रता सेनानियों का नारा लगाया गया। शोभायात्रा में अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास लातेहार एवं अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास लातेहार एवं कई कोचिंग संस्थान के कार्यकताओं ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी ने कहा कि अभाविप के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम करना एक समाज में अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने आगे कहा कि जब भी छात्रों को कोई समस्या आती है तो लातेहार पुलिस आपके लिए 24 घंटा खड़ा है और आपके भविष्य का सुरक्षा और आपकी सुरक्षा करना हम सभी प्रशासन के जिम्मेवारी है।

### अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम

**चंदवा।** श्री अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर विभिन्न मंदिरों में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्र बाजार टांड प्रांगण स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में मंदिर सेवा समिति की ओर से भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे पूरे गांव से सैकड़ो की संख्या में भक्त शामिल हुए व प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा कार्यक्रम से पूर्व मंदिर हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावे श्री राम दरबार मंदिर, बाबा विश्वनाथ सह शनि हनुमान मंदिर में महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने में कुलामन साहू, रूपेश प्रसाद (टशन), अनिल कुमार, रूपेश कुमार, महावीर साव, अमृत कुमार, जगतपाल साव समेत दर्जनो धर्मप्रेमी मौजूद थे।

# मानव सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नही: प्रकाश राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**स्व. लाल सूरज नाथ शाहदेव की 7वीं व स्व. पतिराज देवी के पुण्यतिथि पर हजारो गरीबो के बीच किया गया कंबल वितरण**



कंबल वितरण करते लोग।

**चंदवा।** मानव सेवा से बड़ा पुनीत कार्य कुछ और नही हो सकता है। जो व्यक्ति गरीबो एवं जरूरतमंदों की सेवा व घरती पर भगवान स्वरूप विराजमान माता-पिता की सेवा करे यह ईश्वर की सेवा के समान है व ऐसा करने वालों को सभी प्रकार के पुण्य प्राप्त हो जाते हैं। उक्त बातें लातेहार विधायक प्रकाश राम ने रविवार को चंदवा के सिकनी स्थित लाल रंजन नाथ शाहदेव के आवास पर स्व लाल सूरज नाथ शाहदेव के 7वीं पुण्य तिथि व माता स्व. पतिराज देवी के पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कम्बल व अन्न दान शिविर को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम ने उपस्थित सभी लोगों से अपने-अपने माता-पिता की सेवा करने की सलाह दी ताकि उनका जीवन सुखमय बना रहे। श्री राम ने बताया कि राजनीतिक जीवन की शुरूआत दौर 1988 में पहली बार वे स्वर्गीय लाल सूरज नाथ शाहदेव से मिले थे और उनकी विनम्रता सादगी और एक दूसरे की मदद करने की प्रवृत्ति ने मुझे काफी प्रभावित किया। उनसे मैंने काफी कुछ सीखा, तब से लेकर आज तक मैं उन्हें नहीं भूल पाया हूं। श्री राम ने कहा कि तीनों भाई लाल रणविजय नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव एवं लाल रंजन नाथ शाहदेव ने अपने माता पिता की पुण्यतिथि पर हजारों गरीब लोगों को भोजन करा कर इस ठंड में कंबल का दान कर बड़ा ही पुण्य का कार्य करते रहे है। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य सरोज देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, मजदूर संघ के नेता सत्येंद्र यादव, उमेश यादव, सुरेश यादव, वासुदेव यादव, लाल कौशल नाथ शाहदेव, रवि कुमार डे, रामदेव सिंह समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने स्वर्गीय लाल सूरज नाथ शाहदेव के जीवन एवं गरीबों के प्रति उनके समर्पण का उल्लेख किया और लोगों को प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। पुण्य तिथि के अवसर पर सासंग, ब्राह्मणी, बारी, बनहरदी, सेरक, आन, किता, रामपुर समेत आसपास के कई गांवों से लगभग 2000 गरीब, असहाय व बृद्धजन पहुंचे थे। जिनके बीच विधायक प्रकाश राम व अन्य अतिथियों ने कम्बल वितरण किया। कम्बल वितरण के उपरांत उन्हें भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन मोहन पांडेय ने किया। मौके पर मुखिया अनिता भगत, पुष्पा देवी, राजू सिंह, अमरजीत सिंह, संजीव आजाद, लाल अमर शाहदेव, जाहिद खान, शशि यादव समेत सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### जल-जंगल-जमीन के रक्षार्थ

# हम सभी को एकजुट होने की है जरूरत : श्वेता सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो के बेधनाडीह ग्राम में सोहराय पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए यह पर्व आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। दिशोम सोहराय पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। यह प्रकृति एवं पशु-पक्षियों के प्रति श्रद्धा एवं देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का पर्व है। छह दिनों तक चलने वाले इस पर्व में आदिवासी लोग न केवल अपने देवी देवताओं एवं इष्ट देव की पूजा करते हैं अपितु गाय भैंस बैल की भी पूजा करते हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है।

जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल, जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई हैं। यहां के जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है।

### एक जनवरी को जयपुर, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पूजा करने पहुंचे थे बासुकीनाथ धाम

# जज का मोबाईल चोरी करने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, गया जेल

### गिरफ्तार चोरों में बंगाल-बिहार और साहिबगंज के चोर है शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** वर्तमान समय में हर हाथ में मोबाइल फोन रहता है और आए दिन मोबाइल चोरी की प्राथमिकी थाना में दर्ज होती है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं। जिसका चोरी हुआ मोबाइल वापस मिल पता है। लेकिन जब किसी वीवीआईपी का मोबाइल चोरी हो जाए तो पुलिस महकमा काफी सक्रिय हो जाती है और मिलों दूर चोर को पकड़ कर मोबाइल बरामद कर लेती है। ऐसा ही एक मामला दुमका में सामने आया है। जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक जनवरी को पूजा करने बासुकीनाथ पहुंचे जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया था। मामला चीफ जस्टिस का था, तो पुलिस भी तत्परता दिखाते हुए बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्ला देश के बॉर्डर से अंतर्राज्जीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चीफ जस्टिस का मोबाइल सहित चोरी के कुल 8 मोबाइल फोन पुलिस बरामद करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव निवासी शिवदर्शन महतो, आकाश महतो एवं बिहार के किशनगंज जिला के किशनगंज थाना क्षेत्र के मछमारा गांव निवासी विजय महतो, पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिला के आसनसोल थाना क्षेत्र के नया क्वार्टर कमरबाग गांव निवासी बिरजु नुनिया है। मामले में जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने बताया कि एक जनवरी 2025 को बासुकीनाथ धाम मंदिर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने राजस्थान से आए जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल सहित अन्य कई श्रद्धालुओं का मोबाइल चुरा लिया था। इस संबंध में जरमुंडी थाना में मोबाइल चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर अनुसंधान एवं कार्रवाई के लिए छापेमारी टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्य से साहिबगंज जिला के तीन पहाड़ के मोबाइल चोर गैंग की संलिप्तता का पता चला। जिसके आधार पर तीन पहाड़ के बाबूपुर गांव से दो मोबाइल चोर को गिरफ्त में लिया गया। जिसकी निशानदेही पर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं बंगलादेश बार्डर से अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुई मोबाइल बरामद कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय में बयान दर्ज कराते हुए जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सभी का साहिबगंज के तीन पहाड़ से संबंध रहा है। देवघर एवं बासुकिनाथ मंदिर सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों का मोबाइल गायब करने का काम करते थे।



गिरफ्तार अपराधी

## खबर एक नजर में

### स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में अभाविप ने मनाया

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। जयंती कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता समेत विभिन्न प्रतियोगिता छात्रों के बीच आयोजित हुई। बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुरूआत में मुख्य अतिथि रवि कुमार ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का आदर्श बताया। छात्रों के बीच प्रतिभाओं को दिखाने के लिए कॉलेजों में प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना, खेलकूद, साहित्यिक, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना, छात्रहित और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को उठाना, देश भर में आंदोलनों का नेतृत्व करना, छात्र-निकाय चुनावों में हिस्सा लेना, छात्रों में सतत विकास की भावना जगाना, लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना आदि को जरूरी बताया है। युवाओं को अपनी भूमिका देश की सेवा करने में लगाने को जोर दिया।

### समर्पण और प्रेम की भावना के अंतर्गत कार्य करें : आशुतोष कुमार

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार स्थित नेताजी सुभाष सेवा संघ के प्रधान कार्यालय में नेताजी सुभाष सेवा संघ के संस्थापक आशुतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष के लिए इस वर्ष भी आगामी 23 जनवरी को स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाई जाएगी। संस्था के संस्थापक आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सेवा, प्रेम और प्रेम की भावना के तहत कार्य करें, क्योंकि यही उद्देश्य संघ के सभी सदस्यो का भी है। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी के लिए कमिटि का पुनर्गठन किया गया।

### जरीडीह पश्चिमी पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बेरमो।** जरीडीह पश्चिमी पंचायत के पंचायत भवन में स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह के उपलक्ष में अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस आयोजन में ग्रामीण बच्चों के बीच कक्षा नर्सरी से कक्षा अष्टम तक रंग भरोसा प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ जिसमें लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु कुछ पुरस्कार का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया देवेंद्र देवी अनिल अग्रवाल प्रहलाद बरनवाल पंचायत समिति सदस्य शंभू सोनी संयुक्त रूप से कहा कि तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता कोई आध्यात्मिक नहीं बन सकता तुम्हें सब कुछ अंदर से सीखना है आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं कोई शिक्षार्थी नहीं होता वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने कहा कि चिंतन करो चिंता नहीं नए विचारों को जन्म दो स्वामी विवेकानंद जी को याद करना उनका सम्मान देना उन्होंने कहा कि यदि समाज विवेकानंद जी के द्वारा कहे गए संवादों पर चले तो समाज का उत्थान होगा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सुभाष चंद्र झा ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश लाल कुमारी रुबीना रीता शकुंतला शिवानी सिन्हा अंकिता महारानी कश्यप महेंद्र मंडल काजल मंडल अरुण रजक सुमित कुमार सहित कई गण्यमन लोग उपस्थित रहे।

### गोमिया के आइइएल ग्राउंड में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**बेरमो।** गोमिया-गोमिया प्रखंड के आइइएल ग्राउंड में आइपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच शनिवार को राइजिंग स्टार आइइएल एवं गुलाम इलेवन साड़म के बीच खेला गया।

### दिशुम गुरु को भारत रत्न से नवाजे भारत सरकार : विजय शंकर नायक

**बेरमो।** भारत सरकार झारखंड राज्य के संस्थापक दिशुम गुरु शिबु सोरेन को भारत रत्न से नवाजे। उपरोक्त बाते 11 जनवरी को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही।नायक ने दिशुम गुरु के जन्मदिन के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईमेल भेजकर मांग किया। उन्होंने भेजे गये ईमेल में कहा है कि झारखंड राज्य निर्माण के लिए आंदोलनरत पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन अपने युवाकाल से ही एक संघर्षशील एवं अधिकार से वंचित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार के लिए जीवन भर संघर्ष और भूमिगत आन्दोलन किया है। उन्होंने महाजनो के विरुद्ध लागातार आन्दोलनो का नेतृत्व किया है।

### बीएसएल में आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस का पहला सर्वेलेंस ऑडिट संपन्न

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन तथा परियोजना प्रभाग के लिए आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस पर पहला सवेलेंस ऑडिट मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता द्वारा किया गया। मानव संसाधन के ऑडिट बैठक की अध्यक्षता सीजीएम हरि मोहन झा ने की। लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता ने टीयूवी की ऑडिटिंग प्रक्रिया और आवश्यकताओं पर एक संक्षिप्त विवरण दिया। उद्घाटन बैठक में मानव संसाधन के सभी अनुभागीय प्रभारी के साथ बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के अधिशासी गण उपस्थित थे।

### श्री राम मंदिर में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**बोकारो।** अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर आज स्थानीय सेक्टर 1 स्थित श्री राम मंदिर में श्री राम नाम बैंक तथा श्री राम प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के सौजन्य से प्रभात फेरी के सदस्यों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। विगत वर्ष जिस 22 जनवरी को राम मंदिर का स्थापना पौष मास द्वादशी तिथि को हुआ था। अतः अब हर वर्ष पौष मास द्वादशी तिथि को प्रतिष्ठा द्वादशी के नाम से जाना जाएगा। उक्त कार्यक्रम को सम्पन्न करने में राम नाम बैंक के राज जायसवाल प्रभात फेरी के प्रताप जायसवाल तथा प्रसाद के रूप में खीर वितरण करने में मुन्ना झा का विशेष योगदान रहा।

## डीपीएस बोकारो के हिमांशु यूपीएससी में सफल, बने श्रम प्रवर्तन अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के छात्र रहे हिमांशु कुमार का चयन श्रम प्रवर्तन अधिकारी के रूप में किया गया है। जल्द ही उसकी पोस्टिंग की जाएगी। यूपीएससी के ईपीएफओ परीक्षा में 224वीं रैंक लाकर हिमांशु ने यह उपलब्धि अर्जित की है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने हिमांशु को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की कटिबद्धता के लगातार सार्थक परिणाम दिख रहे हैं। हिमांशु ने एक खास बातचीत में कहा कि डीपीएस बोकारो से उसके सपनों को एक नई उड़ान मिली। गांव से यहां आने के बाद उसे करियर के विभिन्न आयामों के बारे में पता चला। विद्यालय में न केवल पढ़ाई बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से होने वाली भांति-भांति की गतिविधियों में भी उसने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उसने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता करते हुए



इस उपलब्धि का श्रेय उन्हें भी दिया है। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे हिमांशु के बड़े भाई ज्ञानदीप कुमार बिहार के नालंदा में युवा जदयू के नेता हैं जबकि मंझले भाई सुधांशु कुमार एचपीसीएल मुंबई में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। साइंस स्ट्रीम के विद्यार्थी के तौर पर डीपीएस बोकारो से 2015 में 91 फीसदी से अधिक अंकों से पास होकर उसने आईआईटी बॉम्बे में दाखिला लिया। वहां उच्च शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद यूपीएससी की तैयारी में लग गया।

### हाईवा के चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, सड़क जाम जारी

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर मुसवाचक गांव के पास दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार हाईवा के चपेट में आने से एक 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। युवक की पहचान मुसुवाचक गांव के ही राजकिशोर मुसूप के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर मृतक के शव को सड़क पर रख कर प्रदर्शन करते हुए दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे को जाम कर दिया।

### अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**बोकारो।** खेल हमें संघर्ष अनुशासन और टीम के साथ मिलकर काम करने की कला सिखाता है। जितना पसीना बहाओगे उतनी ही कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ सकेंगे। उक्त बातें बोकारो से निकले भारतीय बास्केटबॉल टीम के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं वायुसेना अधिकारी राजीव कुमार ने डीपीएस बोकारो की मेजबानी में डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय बास्केटबॉल टूनार्मेंट के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहीं।

### परिवहन विभाग की सक्रियता से ही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकता हैं

**गोड्डा।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये कई उपाय किये जा रहे हैं जिला पुलिस जागरूकता अभियान चला रही हैं कभी फूल बांटते नजर आते हैं कभी हेलमेट लेकिन क्या ये कार्यक्रम इन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये काफी हैं? सुरक्षा साधनों का उपयोग नहीं करते, नशे में वाहन चलाना, अपने वाहनो की नियमित जांच, लाइसेंस निर्गत करने के पहले उनके योग्यता की जांच लिखित और प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद लाइसेंस का निर्गत करना, चालक शारीरिक रूप से फिट होना, सड़कों में गड्ढेका होना एक महत्वपूर्ण कारण हैं दुर्घटनाओं का।

## सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** कुरपनिया और आस-पास के मोहल्ले में ठंड के मौसम को देखते हुए सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर ने 40 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। यह कार्यक्रम स्थानीय लोगों के लिए राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में यूनाइटेड मिल्ली फोरम झारखंड के जनरल सेक्रेटरी अफजल अनीस ने सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी और अपील की कि ठंड में मानवता की सेवा के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा, इस सर्दी में किसी को भी ठंड से परेशान नहीं होना चाहिए, और हमें एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। कंबल वितरण कार्यक्रम में शिशु विकास सह बुद्ध अंबेडकर विद्यालय संडे बाजार के शिक्षक मो असलम अंसारी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए मानव सेवा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर के वालंटियरों को उनके समर्पण और मेहनत के लिए बधाई दी। कंबल वितरण से पहले, जरूरतमंदों की सूची तैयार की गई थी, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सही तरीके से किया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई सामाजिक कार्यकताओं का योगदान रहा, जिनमें मो जावेद अंसारी, मो परवेज, दानिश सिद्दीकी, मुमताज शेख, वक्कार अनीस, शामी अनीस आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। इस मौके पर मो सलीम, मो नसीम, मो अय्युब अंसारी, पुजा कुमारी, स्वेता कुमारी, संजीव कुमार, सय्यद सरफराज, रूपेश, आकिब अनीस और अन्य लोग भी उपस्थित थे। सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर के इस प्रयास से इलाके में सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक राहत पहुंची, और यह कार्यक्रम सामुदायिक एकता और मानवता की एक बेहतरीन मिसाल बना।

## पेज एक का शेष

### बिना लक्ष्य के जीवन ...

भारत की युवा शक्ति की ऊर्जा से आज ये भारत मंडपम भी ऊर्जा से भर गया है, ऊजार्वान हो गया है। आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद जी को याद कर रहा है, उन्हें प्रमाण कर रहा है। उन्होंने युवाओं से कहा, मुझे विश्वास है आपमें से भी अनेकों नौजवान राजनीति में भी भागीदारी के लिए आगे आयेंगे। देश भर से आये युवा नेताओं ने पीएम के सामने अपने अभिनव (इनोवेटिव) योगदान और विचारों को पेश किया। साथ ही बताया कि किस प्रकार उनके प्रयास विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप हैं। प्रदर्शनी में डिजिटल प्रौद्योगिकी, वर्चुअल इनोवेशन और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में प्रगति को प्रमुखता से दिखाया गया, जो एक मजबूत, स्वस्थ और समृद्ध भारत बनाने का सामूहिक उद्देश्य प्रदर्शित करता है।

### बीजापुर में पांच...

धमाके में आठ जवान शहीद हो गये थे। वाहन चालक की भी मौत हो गयी थी। **आठ लाख की इनामी नक्सली गिरफ्तार :** कांकेर पुलिस ने आठ लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली रावघाट एरिया कमेटी प्रभारी मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे व उसे शरण देने वाले श्यामनाथ उसेंडी को गिरफ्तार कर लिया है। निर्मला कुख्यात नक्सली प्रभाकर की पत्नी है। बस्तर रेंज के आइजी सुंदरराज पी ने बताया कि इस वर्ष नये कैंपों की स्थापना के बाद से नक्सलविरोधी अभियान और तेज होगा। नक्सलियों के सामने अब आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटना ही विकल्प है।

### विवेकानंद का जीवन...

राज्यपाल ने 1893 में शिकागो में हुए विश्व धार्मिक महासभा में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया, जिसने पूरी दुनिया को भारत की महान संस्कृति और मानवता के संदेश से अवगत कराया। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद जी के उद्धरण उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संदेश युवा शक्ति को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने विकास भारती बिशुनपुर के सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि यह संस्था पद्मश्री अशोक भगत के नेतृत्व में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रयासरत है। अपने कार्यों से समाज में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने विकास भारती के सदस्यों को निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलते हुए लोक-कल्याण की दिशा में और भी सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हमारे युवा अपनी पूरी ऊर्जा और रचनात्मकता से देश के विकास में योगदान देंगे। इस मौके पर राज्यपाल ने विभिन्न उत्पादों और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## झारखंड सांस्कृतिक मंच ने किया टुसू वितरण समारोह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**


**बोकारो।** चास प्रखंड के सिजुआ पंचायत स्थित निर्मलटांड के श्री श्री मां दुर्गा मंदिर के प्रांगण में झारखंड सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में झारखंडी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े सभी पर्व एवं त्योहारों को झारखंडी जनमानस में जागृति उत्पन्न करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक प्रेमी स्व राजेंद्र महतो स्मृति सभा सह टुसू वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिजुआ मौजा के राजा साहेब मधुसूदन सिंह ने की तथा मंच संचालन संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष राजदेव माहथा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए राजा साहेब सिंह ने सिजुआ मौजा स्थित निर्मल टांड की अपनी भूमि से 5 एकड़ भूखंड झारखंडी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए झारखंड कला साहित्य एवं संस्कृति भवन और संगीत महाविद्यालय निर्माण हेतु दान स्वरूप देने की घोषणा की। उनकी घोषणा पर केंद्रीय अध्यक्ष राजदेव माहथा ने झारखंडी संस्कृति को बचाने हेतु उनकी दरियादिली को लेकर आभार व्यक्त किया। मंच के प्रवक्ता खगेन्द्र नाथ वर्मा ने कहा कि झारखण्डी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। समारोह में विभिन्न गावों से आई 21 कुंवारी बालाओं की टीमों के बीच टुसू (चौड़ोल) वितरण किया गया। समारोह में संस्थापक सदस्य लालमोहन शर्मा खिरोधर महतो कवि नागेश्वर महतो सिजुआ पंचायत के मुखिया कालीपद सिंह ज्योति लाल महतो रामपद महतो सुबोध ठाकुर डीके त्रिवेदी योगेंद्र महतो श्रवण कुमार महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सीजीएम ने 'सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम' में दिलाई सुरक्षा-शपथ

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल 4 में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के 18 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में मेसर्स एएसके-ईएचएस के द्वारा बीएसएल के प्रशिक्षित अधिकारी संकाय के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम एस सरतपे तथा विशिष्ट अतिथि जीएम डीआर टोप्पो उपस्थित थीं। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीजीएम श्री सरतपे ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करें। जीएम श्रीमती टोप्पो ने प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और संयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया।

## पेटरवार प्रखंड के उलगड्डा पंचायत के विभिन्न टोलो में हाथी ने मचाया उत्पात

### कई घरों को क्षतिग्रस्त करने के साथ-साथ घर में रखे अनाज किए चट





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** पेटरवार प्रखंड के उलगड्डा पंचायत के विभिन्न टोलो में बीते रात एक हाथी ने जमकर तांडव मचाया कई घरों को क्षतिग्रस्त किया और किसानों के घर में धान कूटा कर रखे चावल के बोरा निकाल कर चावल खा गया। डुमरडीहा में विराजी देवी पति मनोज हांसदा का मुर्गी सेड का एक पिलर गिरा दिया।नराबेंड़ा धनी राम मरांडी ने बताया कि रात्रि में करीब एक डेढ़ बजे के आस पास घर धंसने का आवाज आया और हाथी के आवाज सुनाई देने लगा तो सभी लोग घर से उठाकर बाहर चले गए और सामने वाला के छत से देखा कि बहुत बड़ा हाथी पैर से दीवाल तोड़ कर चावल का बोरा सूंड से खींच कर निकाल रहा है और खा रहा है। बड़े बड़े बोरा में लगभग तीन चार क्विंटल चावल कूटा कर रखे थे। अब स्थिति ये है कि चावल का एक भी दाना घर में नहीं बचा है। सोहराय पर्व को लेकर घर बहुत से मेहमान भी आए हुए है। सालों भर का अनाज खा गया सारा मेहनत पर पानी फेर गया। वहीं नाराबेडा के दूसरे टोला में संदीप कुमार सोरेन पिता चूनाराम मांझी के घर को पैर से मार कर धंसा दिया। घर में किसी तरह अनाज को क्षति नहीं किया परन्तु बारी में घुस कर आलू खा गया और पैर से नष्ट कर दिया।पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गंगा तुरी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष महतो एवं अंचल अधिकारी अशोक राम से पीड़िता धनी राम मरांडी को मदद करने की अपील की है तथा स्थानीय डीलर से बात कर कुछ चावल दिलाने की भी बात कहा है। गंगा तुरी ने बताया कि डेढ़ माह में ये हाथियों का चौथा हमला है हालांकि अभी तक की किसी जान का खतरा नहीं हुआ है परन्तु गांव वाले काफी भयभीत हो गए हैं। आगे उन्होंने बताया कि यह हाथी झुंड से बिछड़ गया है जिसके कारण बार बार इधर उधर से भटक आ रहा है। इस मौके पर महेंद्र सोरेन वार्ड सदस्य,धर्म देव सोरेन,रूपलाल सोरेन,मेहीलाल किस्कू मौजूद थे।

# 45 करोड़ श्रद्धालु लगायेंगे संगम में डुबकी



## विश्व के बड़े जनसमूह की मेजबानी करेगा प्रयागराज

एजेंसी

**लखनऊ।** प्रयागराज में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक महाकुंभ सोमवार से शुरू होगा। 45 दिनों 45 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे। 13 जनवरी से दुनिया के सबसे बड़े जनसमूह की मेजबानी करेगा प्रयागराज ।

गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर 4 हजार हेक्टेयर में फैला एक अस्थायी जिला बनाया गया है, जहां अगले 45 दिनों तक देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आएंगे। महाकुंभ के लिए लगभग 12,670 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों ने मिलकर 410 से अधिक परियोजनाओं को पूरा किया है।

**26 फरवरी तक चलेगा कुंभ :** इस महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा, लेकिन श्रद्धालु पहले ही संगम पर पहुंचने लगे हैं और कई लोग मेले के समाप्त होने के बाद भी वहां रुकेंगे।

इसलिए, गंगा और यमुना के किनारे बनाए गए अस्थायी टेंट सिटी को डेढ़ महीने से ज्यादा समय तक चलने के लिए सुसज्जित किया गया है। प्रशासन का दावा है कि लगभग 45 करोड़ लोग महाकुंभ में आ सकते हैं। यह भारत की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। हर दिन करीब 90 लाख लोग में आएंगे।

**कई हस्तियां शामिल होंगे :** शंकर महादेवन, कैलाश खेर, सोनू निगम, विशाल भारद्वाज, श्रेया घोषाल, जुबिन नौटियाल, रिचा शर्मा, हेमा मालिनी, आशुतोष राणा, रवि किशन जैसे कई प्रमुख कलाकार और हस्तियां मेले में प्रस्तुति देंगे। कवियों, शास्त्रीय गायकों, नर्तकों, संगीतकारों, लेखकों और गीतकारों द्वारा गायन और सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

**13 हजार से ज्यादा ट्रेनें चलेंगी, 250 उड़ानें भरेंगी**

मेले की अवधि के दौरान प्रयागराज को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए 13 हजार से ज्यादा ट्रेनें और 250 उड़ानें उपलब्ध होंगी। वाराणसी और अयोध्या की एक दिन की यात्राएं भी की जा सकेंगी। गंगा आरती देखने के लिए वाराणसी की तर्ज पर रिवर क्रूज की सुविधा भी उपलब्ध होगी। पांच लाख कारों को समायोजित करने वाले 100 से ज्यादा पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। सभी 25 सेक्टरों में कई भाषाओं में संवाद करने में 100 गाइड उपलब्ध होंगे।

स्पीड न्यूज

### ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे जयशंकर

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ट्रंप-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि 78 वर्षीय ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रपति के तौर पर वे 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार रात्रि 10 .30) शपथ लेंगे।

### फिल्म भूत बंगला में हुयी तब्बू की एंट्री




मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में तब्बू की एंट्री हो गयी है। निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता अक्षय कुमार की जोड़ी 14 साल बाद भूत बंगला के लिए फिर से साथ आ रही है। इस फिल्म में तब्बू की एंट्री हो गयी है।तब्बू ने इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर शेयर की, जिस पर लिखा था भूत बांग्ला। तब्बू ने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हम यहां बंद हैं। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म हेरा फेरी में अक्षय और तब्बू साथ काम कर चुके हैं। रवींद्र चव्हाण महाराष्ट्र के नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

### महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने रवींद्र चव्हाण

मुंबई । विधायक और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को तत्काल प्रभाव से भाजपा की राज्य इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रवींद्र चव्हाण ठाणे जिले के डोंबिवली से चार बार के विधायक हैं, जिन्होंने राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था और 2022 से 2024 तक कैबिनेट मंत्री थे, लेकिन नई भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उन्हें मंत्री के रूप में शामिल नहीं किया गया था।

## वेद व्यासानंद बने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर



**महाकुंभनगर।** निरंजनी अखाड़े के पंच परमेश्वरों ने अखाड़े की छावनी में रविवार को विदेशी संत वेद व्यासानन्द को महामंडलेश्वर बनाया है। यह निर्णय एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम के दौरान लिया गया, जिसमें विदेशी संत को इस सम्मानित पद पर आसीन किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी ने कहा कि वेद व्यासानन्द भारतीय साधना परंपराओं और योग के प्रमुख प्रचारक रहे हैं। उनका यह पद प्राप्त करना निरंजनी अखाड़े के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस निर्णय से अखाड़े के धार्मिक कृत्य और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर और अधिक मान्यता मिलेगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि निरंजनी अखाड़े की छावनी में वेद व्यासानन्द को महामंडलेश्वर बनाया गया है जो आज से महामंडलेश्वर स्वामी वेद व्यासानंद के नाम से जाने जायेंगे। उन्होंने कहा कि अखाड़ों के संत धर्म के प्रमुख प्रचारक होते हैं। हिंदू धर्म के भीतर धार्मिक और समाजिक गतिविधियों के केंद्र होते हैं, जहां साधु-संत एकत्र होते हैं।

## स्पेडेक्स मिशन पूरा होने के करीब

▶▶ **काफी करीब पहुंचे दोनों उपग्रह, अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रयान-4 की सफलता यही तय करेगा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इसरो अपने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) मिशन के साथ नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। इसमें शामिल दो सैटेलाइट अब ऑर्बिट में महज 15 मीटर की दूरी पर हैं। शनिवार को दोनों उपग्रहों के बीच की दूरी 230 मीटर थी। रविवार को इसरो की तरफ से बताया गया कि स्पेडेक्स उपग्रह 15 मीटर की दूरी से एक-दूसरे की शानदार तस्वीरें और वीडियो ले रहे हैं।

एक्स पोस्ट में इसरो ने लिखा कि 15 मीटर की दूरी पर हम एक-दूसरे को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। हम अब डॉकिंग के लिए सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं। इसरो ने इससे पहले दो बार दोनों उपग्रहों की डॉकिंग की कोशिश कर चुका है। इसरो ने 7 और 9 जनवरी को डॉकिंग कराने की कोशिश की थी हालांकि दोनों के डॉकिंग के लिए जरूरी अलाइंमेंट यानी सरेखण (180 डिग्री की लाइन) न मिलने की वजह से सफलता नहीं मिली। इसरो ने 30 दिसबंर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट की सहायता से इस मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक को प्रदर्शित करना है, जो भारत के भविष्य के अंतरिक्ष प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है। खास कर अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रयान-4 की सफलता यही तय करेगा। इस मिशन में एक सैटेलाइट दूसरे सैटेलाइट को पकड़ेगा और डॉकिंग करेगा। इससे ऑर्बिट में सर्विसिंग और रीफ्यूलिंग भी संभव हो सकेगा। स्पैडेक्स के सफल प्रदर्शन से भारत उस खास ग्रुप का चौथा देश बन जाएगा, जिसे जटिल प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल है। अंतरिक्ष में डॉकिंग एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें अब तक केवल तीन देश- अमेरिका, रूस और चीन को ही सफलता मिली है।




### 25 लाख के इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी कांगे गिरफ्तार

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ोसाल्हेभाट गांव से 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी आठ लाख रुपये की इनामी राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण देने वाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों का शीर्ष नेता प्रभाकर पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था, अब पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है।



**भोपाल में बनी विश्व की सबसे बड़ी थ्री-डी रंगोली, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज**

**भोपाल। भोपाल में दुनिया की सबसे बड़ी थ्री-डी रंगोली बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद पर बनी इस थ्री-डी रंगोली का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वयं रंगोली में रंग भरे। थ्री-डी रंगोली भोपाल के शौर्य स्मारक में 18 हजार स्क्वेयर फीट में बनाई गई है। रंगोली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गई है।**

## शरद-उद्धव को जनता ने दिखा दी जगह : शाह

▶▶ **शरद पवार के छल-कपट राजनीति को जनता ने 20 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया और बालासाहब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात करने वाले उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाया**



**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को अहिल्यानगर जिले के शिर्डी में कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने शरद पंवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी है। उन्होंने कहा कि शरद पवार 1978 से छल-कपट की राजनीति कर रहे थे, उनकी राजनीति को जनता ने 20 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया और 2019 में बालासाहब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात करने और धोखाधड़ी की राजनीति करने वाले उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाया है। शाह रविवार को शिर्डी में प्रदेश भाजपा की ओर से शिर्डी में आयोजित महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के कई मायने हैं। इस चुनाव ने राजनीति की दिशा बदल दी है। इस चुनाव ने भाई-भतीजावाद की राजनीति करने वालों को करारा तमाचा लगाया है। साथ ही इस चुनाव ने यह भी दिखा दिया है कि सिद्धांत की राजनीति से भाई-भतीजावाद पर विजय पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ही असली बालासाहब की शिवसेना है और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ही असली राकांपा है।शाह ने कहा कि जब देवेंद्र फडणवीस पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने महाराष्ट्र को सूखा मुक्त बनाने का सपना देखा था और उस पर काम भी शुरू किया था। अब अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी जी और फडणवीस हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि अगले चुनाव में वोट मांगने आने से पहले खेतों तक पानी पहुंचा दिया जाएगा। भाजपा के सदस्यता पंजीकरण अभियान के बारे में उन्होंने पदाधिकारियों को अगले डेढ़ महीने में 1.5 करोड़ सदस्य पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## दो हफ्ते में निवेशकों को 20 लाख करोड़ की चपत

**शेयर समीक्षा**

▶▶ **दो सप्ताह से जारी तेजी पर भी लग गया ब्रेक**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शुक्रवार 10 जनवरी को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट हो गया। इसके साथ ही इसके पहले के दो सप्ताह से जारी तेजी के सिलसिले पर भी ब्रेक लग गया। जानकारों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती करने को लेकर बनी अनिश्चितता, रुपये की कमजोरी और निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हुआ।

शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,844.20 अंक यानी 2.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,378.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 573.25 अंक यानी 2.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,431.50 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें तो बीएसई का आईटी इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, बीएसई का पावर इंडेक्स 9 प्रतिशत की साप्ताहिक कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद 7 प्रतिशत से अधिक टूट गया। इसके अलावा पीएसयू इंडेक्स 6.98 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स इंडेक्स 5.3 प्रतिशत और मेटल इंडेक्स 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब 20 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद घट कर 429.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.78 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार से शुक्रवार के कारोबार से करीब 19.99 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 3.2 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल जेएसडब्ल्यू एनर्जी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इन्फो एज इंडिया, आरईसी, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन, जोमैटो, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, आईडीबीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और द टाटा पावर कंपनी के शेयरों में 10 से लेकर 16 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 5.7 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस, पीबी फिनटेक, कल्याण ज्वेलर्स इंडिया, गोदरेज इंडस्ट्रीज,, एसजेवीएन, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, निप्पोन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट, अडाणी विल्मर, टोरेंट पावर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस, पंजाब एंड सिंद बैंक, प्रेस्टीज एस्टेट प्रोजेक्ट्स, सुजलॉन एनर्जी, अशोक लीलैंड और बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में 10 से 19 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की।

**महंगाई आंकड़े और तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल**

मुंबई। विश्व बाजार की गिरावट के बीच देश में एचएमपीवी संक्रमण मामले की पुष्टि होने से सहमे निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से बीते सप्ताह करीब ढाई प्रतिशत लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह चाल पिछले वर्ष दिसंबर के थोक एवं खुदरा महंगाई के आंकड़े तथा कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे।

### लॉस एंजिल्स में आग से अब तक 16 मरे

लॉस एंजिल्स। पिछले सप्ताह शुरू हुई लॉस एंजिल्स के जंगल की आग से 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि 12,000 से अधिक इमारतों को नुकसान पहुंचा है। अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले काउंटी लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भीषण आग के कारण हालात और खराब होने की चेतावनी जारी की गई है। आग से स्कूल बंद हो गए हैं। इसके साथ ही शहर में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े पब्लिक स्कूल डिस्ट्रिक्ट, लॉस एंजिल्स यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने छात्रों और कर्मचारियों को खतरनाक वायु गुणवत्ता से बचाने के लिए गुरुवार और शुक्रवार को स्कूल बंद कर दिए। इस बीच, मनोरंजन उद्योग आग, बिजली कटौती और जहरीली हवा से बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

इस वजह से कई फिल्म और टीवी शूट रद्द कर दिए गए हैं। इसके साथ ही कई प्रीमियर और कार्यक्रम भी रद्द करने पड़े हैं।

